प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

सांध्य दैनिक
# यूनिक समय


RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
DAVP-: 134220

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-85 | मथुरा, बुधवार, 21 मई 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | wwwÜfacebookÜcom/uniquesamay | twitterÜcom/Theuniquesamay | wwwÜlinkedinÜcom/in/uniquesamay



INS ACCREDITED
यूंनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
DAVP-: 134220

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-85 | मथुरा, बुधवार, 21 मई 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# यूपी रोडवेज की बसों में खतरे से खाली नहीं है सफर



नए बस अड्डे पर खड़ी रोडवेज की बस।



नए बस अड्डे पर खड़ी मथुरा डिपो की यूपी 78 जे टी 4547 बस में अग्नि समन यंत्र गायब।





बस अड्डे पर ईदगाह डिपो आगरा की यूपी 80 एचटी 0440 बस में अग्नि समन यंत्र नहीं लगा था।

गिरधारी लाल श्रोत्रिय

**यूनिक समय, मथुरा।** गर्मी के मौसम में रोडवेज की बसों में सफर करना खतरे से खाली नहीं है। अधिकतर एसी और साधारण बसों में आग से बचाव को लेकर अग्निशमन यंत्र नदारद हैं। वहीं जिन बसों में अग्निशमन यंत्र रखे भी गए हैं तो वह इतने सामानों के भार से दबे हुए हैं कि आग लगने की स्थिति में निकालना मुश्किल हो जाता है। मथुरा के भूतेश्वर बस अड्डे से संचालित होने वाली परिवहन निगम दर्जनों डिपो की बसों में आग से बचाव की समुचित व्यवस्था नहीं है। यूनिक समय की टीम ने बुधवार को पूर्वाह्न सवा ग्यारह बजे बस अड्डे पर खड़ी बसों का हाल जाना। भूतेश्वर बस अड्डे पर अवध डिपो की यूपी 33टी 4807 जनरथ एसी बस खड़ी हुई थी। उसमें न तो अग्नि शमन यंत्र था और न ही प्राथमिक उपचार का बाक्स। मथुरा डिपो की यूपी 78 जे टी 4547 में अग्नि शमन यंत्र गायब था। यह बस मथुरा से लखनऊ जा रही थी। जबकि मथुरा डिपो की यूपी 78 जे 6089 मथुरा से फिरोजाबाद जा रही थी उसमें दो अग्निशमन यंत्र लगे हुए थे।

### कुछ बसों में एक भी नहीं तो किसी में दो अग्नि शमन यंत्र लगे हैं

### जिनमें लगे हैं वे सामानों से रहते हैं दबे हुए

### ज्यादातर बसों में फर्स्ट एड बॉक्स है लेकिन उनका सामान गायब

### एआरएम कर रहे हैं दावा सभी में लगे हैं अग्नि शमन यंत्र

फर्स्ट एड बॉक्स में कोई प्राथमिक उपचार का सामान नहीं था। ये सामानों से दबे हुए थे। किसी को दिखाई नहीं दे रहे थे। ऐसे में यदि अचानक बस में आग लग जाए तो चालक और परिचालक को निकालने का मौका तक नहीं मिलेगा। यूपी 78 जेएन 2230 मथुरा से नोएडा दिल्ली जा रही थी। उसमें अग्नि समन यंत्र लगा था। ईदगाह डिपो आगरा की यूपी 80 एचटी 0440 में अग्नि समन यंत्र नहीं लगा था। कैंट आगरा डिपो की यूपी 78 जेटी 6995 मथुरा से वाराणसी जा रही थी। इसमें अग्नि शमन यंत्र नहीं था। यही हाल मथुरा से गोवर्धन, बरसाना कोसीकलां तक चलने वाली बसों का था, जिनमें आधे से ज्यादा बसों में अग्नि शमन यंत्र गायब थे।

रोडवेज के नियमानुसार सुरक्षा मानकों पर खरा उतरने के लिए बसों को 13 प्रकार से जांच कर डिपो के वर्कशॉप से निकाला जाता है, जिसमें बसों की हेडलाइट, बैकलाइट, ब्रेक, हार्न, बैटरी और इसमें अग्निशमन यंत्र और आपात दरवाजों की भी जांच होती है। जिसकी सही तरह से जांच न होने से ऐसी दुर्घटनाएं घटती हैं। लापरवाही की हद तब होती है जब प्रशासन के आलाधिकारी भी इससे वाकिफ होने के बाद भी अंजान बने रहते हैं। वर्कशाप में बसों की मरम्मत तो की जाती है लेकिन सामान के अभाव में जुगाड़ के तरीके से बसों में पार्टस लगाए जाते हैं। इस संबंध में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मथुरा डिपो मदन मोहन शर्मा ने दावा किया कि सभी बसों में अग्निशमन यंत्र लगे हुए हैं। जिन बसों में नहीं है, उनमें जांच कराकर जल्द ही लगवा दिए जाएगे। उन्होंने बताया कि फर्स्ट एड बॉक्स का सामान परिचालकों के पास रहता है।

# महिला ने दूसरी मंजिल पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

### पति ने किसी से फोन पर बात करने पर लगाई थी फटकार

### झगड़े के बाद पत्नी का शव कमरे में पंखे से लटका मिला

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर की ओमनगर कॉलोनी में एक महिला ने फोन पर पत्नी को डांट दिया। पति की डांट से क्षुब्ध पत्नी ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। कोतवाली क्षेत्र स्थित ओमनगर कॉलोनी में रहने वाले विष्णु की पत्नी प्रीति ने बुधवार की दोपहर करीब एक बजे मकान की दूसरी मंजिल में बने कमरे में पंखे से फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मकान की निचली मंजिल में परिवार के लोग तोड़िया बनाने का काम कर रहे थे। काफी देर बाद भी जब प्रीति दिखाई नहीं दी तो पति ने उसे आवाज लगाई, लेकिन उसकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर ऊपर जाकर कमरे का दरवाजा पति ने खटखटाया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद कमरे की छत पर रखी टीन को हटा कर देखा तो पति के होश उड़ गए। प्रीति का शव पंखे से लटका हुआ था। भरतपुर की रहने वाली प्रीति की शादी 2020 में हुई थी। उसने अपने पीछे दो छोटे बच्चे छोड़े हैं। कोतवाली प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया कि प्रथम दृष्टया पता लगा कि प्रीति फोन पर किसी से बात कर रही थी। इसे देख कर पति ने उसे फटकार लगाई इस पर दोनों में विवाद भी हुआ था। पति की फटकार से नाराज पत्नी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अंदर पढ़ें
मथुरा की शेष खबरें पेज-12 पर

# पीएम करेंगे गोवर्धन समेत 103 रेलवे स्टेशनों का कल लोकार्पण



गोवर्धन रेलवे स्टेशन का पीएम के उद्घाटन से पहले मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश निरीक्षण करते हुए।

**यूनिक समय, आगरा।** रेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना अमृत भारत स्टेशन योजना के प्रथम फेज में चयनित तथा पुनर्विकसित स्टेशनों का लोकार्पण 22 मई को किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित 103 स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे। मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित ईदगाह आगरा, फतेहाबाद, मंडावर महुवा रोड, गोविन्दगढ़ और गोवर्धन स्टेशन का प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया जायेगा। ब्रज क्षेत्र के गोवर्धन रेलवे स्टेशन को 16.34 करोड़ रुपये की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया गया है।

# 50 लाख रुपये जुर्माना, फिर भी बेचेंगे मिलावटी सामान

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** सावधान.. मिलावटी सामान बेचना महंगा पड़ सकता है। यकीन नहीं हो रहा है कि वर्ष 2024-25 के आंकड़ों पर नजर डाल लीजिए। एडीएम प्रशासन कोर्ट ने 202 मुकदमों में मिलावट खोरों पर पचास लाख दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके बाद भी मिलावटी सामान पर बाजार में अंकुश नहीं लग पाया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के सहायक आयुक्त धीरेंद्र प्रताप की मानें तो विभाग की टीमें लोगों के स्वास्थ्य को सही रखने के लिए बाजार में बिक्री होने वाले खाद्य सामग्री के समय-समय पर नमूने लेने की कार्रवाई करती है। इसके साथ ही दूषित खाद्य पदार्थों को नष्ट करती रहती है। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2024 से एक अप्रैल 2025 के बीच खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाई विक्रेताओं के साथ-साथ मावा, पनीर, तेल, घी, मसालों सहित अन्य वस्तुओं के 632 नमूने बाजार से एकत्रित किए। मानक के अनरूप नमूनों की रिपोर्ट प्रयोगशाला से न आने पर 246 लोगों के खिलाफ एडीएम प्रशासन की कोर्ट में कार्रवाई की गई। कोर्ट ने 202 नमूनों के ठीक न पाए जाने पर इन लोगों से पचास लाख दस हजार रुपये का जुर्माना वसूला है। बाकी के मुकदमे कोर्ट में चल रहे हैं। इतनी कार्रवाई के बाद भी बाजार में मिलावटी सामान बेचने वाले लोगों के हौंसले बुलंद हैं।

धोखाधड़ी

## फर्जी जॉइनिंग लेटर से हुआ खुलासा

# सुप्रीम कोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी

**यूनिक समय, आगरा।** थाना न्यू आगरा क्षेत्र के विद्यानगर नगला पदी निवासी घनश्याम एक बड़े धोखाधड़ी के शिकार हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसी प्रकाश चंद्र कश्यप ने सुप्रीम कोर्ट में उनके बेटे को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 लाख रुपये ठग लिए। प्रकाश चंद्र ने जूनियर कोर्ट असिस्टेंट के पद पर नियुक्ति का फर्जी जॉइनिंग लेटर भी सौंपा, जिससे घनश्याम के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। घनश्याम ने बताया कि प्रकाश चंद्र ने यह भरोसा दिलाया कि उसके संपर्कों के जरिए वह प्रवीण चौधरी (घनश्याम का बेटा) को सुप्रीम कोर्ट में अच्छी नौकरी दिला सकता है। इस विश्वास में आकर उन्होंने 10 लाख रुपये की बड़ी राशि उसे सौंप दी। कई महीनों के इंतजार के बाद 15 मार्च 2024 को प्रकाश चंद्र ने एक जॉइनिंग लेटर दिया, जिसमें प्रवीण की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट में जूनियर कोर्ट असिस्टेंट के पद पर दर्शाई गई थी। घनश्याम के अनुसार, उनके बेटे प्रवीण ने इस लेटर के आधार पर दिल्ली जाकर सुप्रीम कोर्ट में अपनी ड्यूटी ज्वॉइन करने की कोशिश की। लेकिन वहां पहुंचने पर उसे बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट में इस पद के लिए कोई भर्ती नहीं निकली है और जॉइनिंग लेटर पूरी तरह फर्जी है। यह सुनते ही प्रवीण के होश उड़ गए और वह तुरंत घर लौट आया। जब घनश्याम ने प्रकाश चंद्र से इस धोखाधड़ी पर जवाब मांगा तो उसने जल्द पैसे लौटाने का वादा किया। 28 अप्रैल को प्रकाश ने घनश्याम को 1.20 लाख रुपये का एक चेक दिया, लेकिन जब यह चेक बैंक में लगाया गया तो पता चला कि उसमें हस्ताक्षर का मिलान नहीं हो रहा है, यानी वह चेक भी नकली था। घनश्याम की शिकायत पर थाना न्यू आगरा पुलिस ने प्रकाश चंद्र कश्यप, उसकी पत्नी, बेटे और बेटी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और साक्ष्य संकलन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम को भूसा खरीदने में मिली गड़बड़ी, जांच के निर्देश

**यूनिक समय, मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कान्हा गौशाला चौमुंहा का निरीक्षण कर गायों एवं नंदी को देखा। पशुपालन विभाग के अधिकारी से पूछा कि कोई गाय या नंदी बीमार तो नहीं है, आपके द्वारा लगातार जांच की जा रही है या नहीं। जिलाधिकारी ने गोबर की साफ सफाई न होने पर नाराजगी जाहिर की। भूसा की जानकारी ली तथा भूसे के भंडारण को देखा। अधिशासी अधिकारी से पूछा कि अभी तक भूसा का स्टॉक क्यों नहीं किया गया और टेंडर के अनुसार 11 रुपए पर किलोग्राम भूसा क्यों खरीदा जाएगा, जबकि मार्केट में 5 से 6 रुपए किलोग्राम भूसा मिल रहा है। इसके बारे में जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज वर्मा को निर्देशित किया कि इसकी जांच करें और 11 रुपए किलोग्राम भूसा न खरीदा जाए।

## प्रभु बचाओ, कैसा तप रहा ज्येष्ठ मास

# बाजारों में पसरा है सन्नाटा, आम जनजीवन बेहाल


बुधवार को गर्मी के मौसम में खाली पड़ा कृष्णानगर का रोड।


बुधवार को दोपहर में खाली पड़ा गोवर्धन रोड।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** सूर्य की तपिश ज्येष्ठ मास में लोगों का हाल बेहाल कर रही है। ऐसे मौसम में घर से बाहर निकलना लोगों के लिए दूर्भर हो रहा है। धूप से बचाने के लिए बच्चे हों या युवा और बुजुर्ग सभी साफी या छतरी का सहारा ले रहे हैं। इस मौसम में लोगों को बार–बार प्यास लग रही है। पानी, लस्सी, शिकंजी आदि ठंडे पेय पदार्थ का सेवन लोग गर्मी में राहत का प्रयास कर रहे हैं।

ज्येष्ठ का महीना गत 13 मई से चल रहा है। यह 11 जून तक रहेगा। गर्मी के मौसम के चारों महीनों को ब्रज भाषा में संयुक्त रूप से जेठमास भी कहा जाता हैं। ज्येष्ठ मास ही ब्रजभाषा में जेठ का महीना है। ये जेठ मास गर्मी के मौसम का प्रतिनिधित्व करता है। इस महीने के खत्म होने के बाद अगले महीने में ब्रज में मानसून दस्तक दे देता है। ज्येष्ठ मास में ही नौ तपा के नौ दिन आते हैं जो सबसे गर्म माने जाते हैं। 25 मई से चार जून तक चलने वाले नौतपा के नौ दिनों की अवधि में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। इस वर्ष ग्रहों के राजा सूर्य देव 25 मई को सुबह 03 बजकर 27 मिनट पर रोहिणी नक्षत्र में गोचर करेंगे 15 दिन तक इस नक्षत्र में रहने के बाद आठ जून को मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे। बकरी अनुसंधान केंद्र मखदूम पर 21 मई को 43 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री तापमान रहा। गर्मी बढ़ने के साथ लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं।



सूर्य की तपिश से खुद को धूप से बचाने का प्रयास करते दो बच्चे।

जिला प्रशासन की ओर से लू और

### लगभग 42 डिग्री के आसपास तापमान

गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है। लेकिन मजदूरों और जरूरतमंद लोगों के लिए यह किसी काम की नहीं है। ऐसी गर्मी में भी लोग सुबह से ही घरों से काम की तलाश में निकल आते हैं और पूरा दिन गर्मी में काम करते हैं। बच्चे और बुजुर्ग डायरिया की चपेट में अधिक आ रहे हैं। गर्मी और हीट वेव के चलते स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। गर्मी से बचाव के लिए अस्पतालों में कोल्ड रूम बनाए गए हैं। अस्पतालों से लेकर सीएचसी और पीएचसी पर इलाज के इंतजाम किए गए हैं। ओआरएस के पैकेट, शुद्ध ठंडा पेयजल के इंतजाम किये गए हैं। बाजारों में सुबह शाम ही ग्राहक खरीददारी के लिए आ रहे हैं। दोपहर के समय सन्नाटा पसर रहा है। ज्यादातर दुकानदार अपनी दुकानों में आराम करते दिखाई देते हैं।






## राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप शुरू


राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहवन में समर कैंप में योग की क्रियाएं सीखते छात्र–छात्राएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहवन में समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत शासन के निर्देशन पर आज से 10 जून तक को आयोजन प्रारंभ हुआ। प्रथम दिन बच्चों ने व्यायाम व योग की क्रियाएं बताई। रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष / योगाचार्य महेश खंडेलवाल ने विद्यार्थियों को सूक्ष्म योग कराया। उन्होंने योग का जीवन में क्या महत्व पर प्रकाश डाला।

मैं हूं देशज, मैं हूं लेखक जैसी प्रतियोगिताएं कराई। इसमें बच्चों को डॉ. भीम राव आंबेडकर, पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम, चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मी बाई, कवियत्री महादेवी वर्मा और मीराबाई आदि के विषय में बताया। मैं हूं देशज प्रतियोगिता में बच्चों ने लोकगीत अपनी मातृभाषा में सुनाया और मैं हूं लेखक में बच्चों ने दहेज प्रथा, बेटी बचाओ जैसे सामाजिक प्रथा पर आधारित नाटक रंगमंच पर प्रस्तुत किया। लोकगीत प्रतियोगिता में अनंत कक्षा 10 वीं से प्रथम, सागर कक्षा 10 द्वितीय, वंशिका कक्षा 9 से तृतीय स्थान पर रही। नाटक प्रतियोगिता में अनंत रावत की टीम प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए बच्चों ने रस्सा–कसी व म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य श्रीमती कविता सक्सेना, श्रीमती बी मिडिल, श्रीमती प्रियंका और श्रीमती लता पांडे ने भाग लिया।

### लोकगीत में 10वीं के अनंत रहे प्रथम

### बच्चों ने योग, व्यायाम की क्रियाएं सीखीं

## टीम सेवार्थ का समर कैम्प एक महीने चलेगा

**यूनिक समय, वृंदावन।** युवाओं ने एक नई सोच के साथ टीम के बैनर तले मार्शल आर्ट समर कैम्प की शुरुआत की गई। वृंदावन के अलग–अलग इलाकों से लगभग 120 बालिकाओं ने भाग लिया। इसमें उनको जूडो कराटे कुफो एवं आत्म सुरक्षा के लिए हुनर सिखाए जाएंगे। समर कैम्प पूरे एक महीने चलेगा। हित उत्सव चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वालधान में कैम्प का उद्घाटन, साध्वी शिरोमणि (वात्सल्य ग्राम), माँ ध्यान मूर्ति ,उपजिलाधिकारी निशा ग्रेवाल, सी ओ सुरक्षा सुमन कन्नौजिया, शिक्षाविद् डॉ लक्ष्मी गौतम तथा पार्षद माधवी बघेल ने किया। पार्षद वैभव अग्रवाल ने बताया कि सात दिनों में ही बेटियों की संख्या 120 हो गई। उम्मीद से अच्छा रिस्पांस मिला। कार्यक्रम में राजेंद्र सर्राफ, प्रवीण सर्राफ नवीन सर्राफ, ललित वल्लभ नगार्च, गोविंद खंडेलवाल मोहन शर्मा, विश्वनाथ गौतम, रसिक वल्लभ, गोपाल खंडेलवाल घनश्याम सिंह, ट्रेनर ज्ञान प्रकाश, प्रशांत वार्ष्णेय ,सतीश सिदोदिया कृष्ण मुरारी अग्रवाल, गोकुल शर्मा, जय शर्मा तथा जितेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## निजी फाइनेंस कम्पनियों की ठगी के शिकार लोगों का प्रदर्शन

### राष्ट्रपति के नाम डीएम को दिया ज्ञापन

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** विभिन्न निजी फाइनेंस कम्पनियों में धनराशि जमा करने वाले उपभोक्ताओं व एजेन्टों ने आज जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करके जमा की गई धनराशि कम्पनियों से वापस दिलाने और लोगों को गुमराह करके ठगी करने वाली कम्पनियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की। इसके बाद इन लोगों ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। प्रदर्शन करने वालों में ठगी पीड़ित परिवार संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम देव गौतम, संयोजक मदन लाल आजाद, डॉ. राधारमन गोला आगरा, लक्ष्मण सिंह सैनी, राजवीर सिंह, लायक राम, राजजीत सिंह, भगवान सिंह, जवाहर लाल सैनी, प्रभाकर शर्मा, लाखन सिंह, कुसुम देवी, ओमप्रकाश, रामकिशन, ओमवीर गोला, राहुल, माया, मीरा, रिंकू, प्रेम देवी, लीला, किरन देई तथा राजकुमारी आदि शामिल थे।



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ठगी पीड़ित लोग।

### घरों व पार्कों में रहे सावधान

## गर्मी से बचने के लिए सांप बिच्छू ठंडे स्थानों पर छिप सकते हैं

**यूनिक समय, मथुरा।** घरों में बिच्छुओं और सांपों के आने की भी संभावनाए हैं। क्योंकि वे अपने बिलों से बाहर निकलेंगे और ठंडी जगहों की तलाश में पार्क और घरों में प्रवेश कर सकते हैं। इसके लिए लोगों को सांप और बिच्छुओं का खतरा बढ़ सकता है। इसके लिए इनसे सावधान रहनी चाहिए।




# भट्टे पर ईंट भरने जाते चालक का ट्रैक्टर पलटा

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना मांट इलाके में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। भट्टे से ट्रैक्टर ट्रॉली में ईंट भरने जाते ट्रैक्टर के पलटने से चालक की उसके नीचे दबकर मौत हो गई। दूसरी दुर्घटना में तूड़ी से भरे ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना फरह के गांव सरूरपुर निवासी युवक बलदेव भोला के ट्रैक्टर पर चालक की नौकरी करता था। बताया गया कि वह रात को ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर सुरीर ईंट भट्टा पर जा रहा था। रास्ते में पानी गांव गौशाला के

## ट्रैक्टर के नीचे दबकर चालक की हुई मौत

## ट्रैक्टर की चपेट से घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

निकट ट्रैक्टर अचानक सड़क से साइड में गिर कर पलट गया। ट्रैक्टर के पलटने से चालक उसके नीचे दब गया। दुर्घटना का पता लगने पर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों और पुलिस ने ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक को निकला उस समय तक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि चालक को शायद नींद आ गई जिसके चलते ये दुर्घटना हो गई। दूसरी ओर नगला प्रतापगढ़ सिहोरा निवासी पदम सिंह पुत्र चंद्रपाल रात को सड़क किनारे जा रहा था। इसी दौरान तूड़ी से भरे ट्रैक्टर की चपेट में आकर वह ट्रैक्टर की ट्रॉली से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान रात को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## युवक से 130 ग्राम नशीला पाउडर मिला

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने गांठौली से देवसेरस जाने वाले बम्बे की पटरी पर बनी पुलिया से साजिद उर्फ चुन्नी निवासी ग्राम देवसेरस को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 130 ग्राम नशीला पाउडर एल्प्राजोलम बरामद किया है। पुलिस ने उसे एनडीपीसी एक्टर में गिरफ्तार किया है।

## पुलिस ने गिरफ्तार किया गांजा तस्कर

**यूनिक समय, मथुरा।** शेरगढ़ पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 759 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गांव सेही निवासी मंगतू गांजे की तस्करी करता है। वह गांजे को बिक्री करने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने उसे एनडीपीसी एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




# पुलिस ने गिरफ्तार किया शातिर वाहन चोर



पुलिस की गिरफ्त में शातिर बाइक चोर। चोरी की कटी बाइक के सामान के साथ।

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** गोविंदनगर पुलिस ने तीन बाइक व स्कूटी चोरी करने वाले युवकों को रोका। दो युवक तो मौके से भाग गए। पुलिस के हत्थे एक युवक आ गया। पुलिस ने एक बाइक दो स्कूटी व एक कटी बाइक और गाड़ियों को खोलने के औजार भी बरामद किए हैं। थाना प्रभारी गोविंदनगर कमलेश कुमार ने बताया कि चौकी प्रभारी बिरलामंदिर अरुण कुमार त्यागी ने एक सूचना के आधार पर महाराजा सैनी स्कूल के समीप से वहां जाते युवक नई मस्जिद के समीप राधेश्याम कॉलोनी निवासी आदिल उर्फ रोहित को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ

## चोरी की बाइक व दो स्कूटी व गाड़ी खोलने के टूल भी मिले

## दो साथी मौके से भाग जाने में रहे सफल

गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही दो स्कूटी और एक कटी हुई बाइक व एक बोरी में बाइक को खोलने में प्रयोग किए जाने वाले टूल भी बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि आदिल उर्फ रोहित के दो साथी मौका से वहां से भाग निकले। भागे हुए इन युवकों की पुलिस तेजी से तलाश कर रही है।

# चोरी की स्विफ्ट कार में मिले दो चोर



चोरी की स्विफ्ट कार से गिरफ्तार अभियुक्त देशी तमंचों के साथ मांट पुलिस की गिरफ्त में।

**यूनिक समय, मथुरा।** मांट पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक चोरी की कार को ले जाते हुए दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी तमंचे व कारतूस भी बरामद किए हैं। थाना प्रभारी मांट जसवीर सिंह ने बताया कि सूचना मिली की कूपगढ़ के पास कच्चे रास्ते पर बने टावर के पास चोरी की गाड़ी में चोर है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापे मारी की और वहां सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर खड़ी मिली कार में दीपक उर्फ प्रीतम

## पुलिस को देशी तमंचे कारतूस भी बरामद

चरण उर्फ काले निवासी सरीला थाना सरीला जनपद हमीरपुर व उसका साथी अरुण रिछारिया निवासी पराजौन (पराउवारी) थाना महोकंठ जिला महोबा है। पुलिस को पूछताछ में इन युवकों ने बताया कि बरामद स्विफ्ट कार चोरी की है इसके साथ ही इनके पास से देशी तमंचे कारतूस भी बरामद हुए हैं।

# छात्राओं ने सीखे आपदा बचाव के गुर



सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण देते हुए।

**यूनिक समय, मथुरा।** नागरिक सुरक्षा विभाग की ओर से हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती बालिका विद्या मंदिर वृंदावन में लगाए आपदा के बचाव का प्रशिक्षण शिविर का नेतृत्व सिविल डिफेंस के उप नियंत्रक सुमित मौर्य ने किया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल नागपुर एवं राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सिविल डिफेंस मथुरा के पोस्ट वार्डन अशोक यादव की क्विक रिस्पांस टीम के वार्डन एवं स्वयंसेवक ने एक दिवसीय आपदा एवं आग से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए विद्यार्थियों को ट्रेनिंग दी। प्रशिक्षण में जवर

## सिविल डिफेंस ने हनुमान प्रसाद धानुका सरस्वती बालिका विद्यालय में लगाया प्रशिक्षण शिविर

सिंह, एमटीएस मुकेश शर्मा, राम सैनी, सुमित कुमार, रोहित कुशवाहा, हेमंत, सोहनलाल, हर्ष तिवारी तथा राकेश आदि ने छात्राओं को स्ट्रेचर नॉट चेयर नॉट टू हैंड थ्री हैंड फॉर हैंड सीट, अग्निशमन के उपाय बताए। प्रधानाचार्य डॉ अंजू सूट ने बताया कि इस शिविर में छात्रों को आपदाओं के प्रति जागरूक करने के लिए यह गतिविधियां आयोजित की गई हैं।

# परखम में आरएसएस का कार्यकर्ता विकास वर्ग 28 से



दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र परखम में आरएसएस के कार्यकर्ता भूमि पूजन व हवन यज्ञ पूजन करते।

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पश्चिमी उत्तर क्षेत्र का कार्यकर्ता विकास वर्ग-1 दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र परखम (मथुरा) में 28 मई से 18 जून तक होगा। वर्ग की सफलता के लिये आज प्रातः 8 बजे अनुसंधान केंद्र पर हवन यज्ञ भूमिपूजन का आयोजन किया गया। पण्डित राकेश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ कराया। गाय के गोबर से लीपे गए यज्ञ शाला में यजमान जगमोहन पाठक ने सपत्नीक हवन यज्ञ में आहुतियां दी। यज्ञ में आहुतियां देने वालों में आरएसएस के अखिल भारतीय अधिकारी डॉ. दिनेश, अजीत महापात्र, क्षेत्र प्रचारक महेन्द्र, क्षेत्र सेवा प्रमुख एवं वर्ग पालक धनीराम, वर्ग प्रबन्ध प्रमुख शिव कुमार, दीनदयाल धाम के निदेशक सोनपाल, केशव धाम के निदेशक ललित, दिनेश लवानियाँ, हरीशंकर, चन्द्रशेखर, कैलाश, मनोज, अरुण पांचजन्य, डॉ. संजय, डा. संजय शर्मा, डॉ. कमल कौशिक, नरेन्द पाठक, पूर्व विधायक कारिन्दा सिंह तथा सुरेश भारद्वाज आदि उपस्थित थे।



## पशु पालन में कम होती दिलचस्पी

# कम होती जा रहीं गाय और भैंस

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले की अधिकांश ग्रामीण आबादी पशुपालन पर निर्भर है। सरकार की ओर से पशुओं की कराई गई गणना से यह प्रतीत होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की पशु पालन में दिलचस्पी कम हो रही है। इसका प्रभाव दुग्ध उत्पादन भी पड़ रहा है। वर्ष 2003 की 17वीं पशुगणना में गाय 130741, भैंस 568050, भेड़ 43611, बकरी 71044, सुअर 28669 और अन्य पुश 14460 और 50062 पाए गए। वर्ष 2008 की 18 वीं पुश जनगणना में गाय 142203, भैस 723925, भेड़ 47488, बकरी 82165, सुअर 25181, अन्य पशु 6017, कुक्कुट 44352 पाई गयी। 2012 की 19 वीं



पशुजनगणना में गाय 226186, भैंस 781969, भेड़ 38909, बकरी 128987, सुअर 29394, अन्य पशु 6063 व कुक्कुट 121678 पायी गयी है। सन 2019 की 20 वीं की पशु जनगणना में फिर से उतार चढ़ाव दिखते हुए गाय 214236 पिछले साल के थोड़े अंतर से आंकड़ा नीचे पहुंच गया। भैंस 576556, भेड़ 24099, बकरी में 64681, सुअर 11360, पिछलो वर्षो की अपेक्षा 20 वीं पशु गणना में अंतर आया है। पशु पालन विभाग के अपर सहायक ने बताया कि 21 वीं की पशु गणना का अभी डाटा नहीं आया है। यह डाटा विभाग के साथ चैक किया

### आने वाले समय में दुग्ध उत्पादन पर पड़ सकता है प्रभाव

जा रहा है। इस गणना के आंकड़े आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। बताया कि देशी गायों की संख्या में गिरावट देखी गई, जबकि संकर नस्ल की गायों और भैंसों की संख्या मे थोड़ा इजाफा हुआ, जो सरकार द्वारा प्रोत्साहित योजनाओं का परिणाम था। बकरियों की संख्या अपेक्षा कृत स्थिर रही, लेकिन भेड़ और सुअरों की संख्या में काफी गिरावट आई। 2003 से 2019 तक की पशुगणना में मथुरा जनपद ने पशुधन में निरंतर गिरावट देखने को मिल रही है।

# वृंदावन में हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह 29 को मनाया जाएगा



पत्रकारों को संबोधित करते अध्यक्ष विष्णु शर्मा।

**यूनिक समय, वृंदावन।** ब्रज प्रेस क्लब और एनयूजेआई वृंदावन की पहली बैठक हुई। इसमें 29 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस समारोह मनाने का निर्णय भी लिया गया। साथ ही एनयूजेआई व ब्रज प्रेस क्लब वृंदावन की नवीन कार्यकारिणी का संपूर्ण गठन होने पर अगले महीने जून में शपथ ग्रहण समारोह करने का फैसला किया गया। इसके अलावा पत्रकार साथियों का 5 लाख का सड़क दुर्घटना बीमा, 5 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस, जल्द पूल पार्टी के साथ–साथ प्रतिमाह एक सामूहिक मीटिंग

### पत्रकारों का दस लाख रूपये का बीमा भी होगा

भी करने के प्रस्ताव पारित किए गये। अंकित गोयल ने पत्रकारों का अभिनंदन किया। बैठक में संरक्षक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, मार्गदर्शक जगन्नाथ पोद्दार, अध्यक्ष विष्णु शर्मा, महासचिव बलराम शर्मा, सचिव पार्थ कृष्ण गौतम, उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी, मीडिया प्रभारी डॉ. राधाकांत शर्मा, गोपाल शर्मा, दुष्यंत दीक्षित एवं प्रशांत वार्ष्णेय उपस्थित थे।

# अंकिता कुमारी का आईबीएम प्राइवेट लिमिटेड में चयन



चयनित छात्रा के साथ संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल।

**यूनिक समय, मथुरा।** बी.एस.ए. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, मथुरा की एमसीए संकाय की छात्रा अंकिता कुमारी का चयन प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कंपनी आईबीएम प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। यह चयन एक आकर्षक पैकेज पर हुआ है, जो उनके शैक्षणिक और तकनीकी कौशल का प्रमाण है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार जैसे चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन किया। अंकिता ने इन सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे उनका चयन हुआ। कंपनी प्रतिनिधियों ने संस्थान के शैक्षणिक वातावरण और संसाधनों की सराहना की। अंकिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और विभागाध्यक्ष मलिखान सिंह को दिया। उन्होंने कॉलेज परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस उपलब्धि में उनके मार्गदर्शन और समर्थन का महत्वपूर्ण योगदान है। कॉलेज के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल, वाइस चेयरमैन इंजीनियर नितिन मित्तल, संचालन मंडल सदस्य इंजीनियर उमेश गोयल, निदेशक प्रो. डॉ. श्याम सुंदर अग्रवाल और रजिस्ट्रार भगवान सिंह ने अंकिता के चयन पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि वे प्रतिष्ठित संस्थानों और कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर सकें।

# बुद्ध थे त्याग एवं तपस्या की साक्षात प्रतिमूर्तिः डॉ. वीरेन्द्र मिश्र



श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज गोकुल में आयोजित कार्यशाला के समापन पर प्रमाणपत्रों के साथ एनसीसी कैडेट्स व छात्राएं।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ तथा संस्कृत विभाग के तत्वावधान में श्री कृष्णा इंटर कॉलेज गोकुल में आयोजित साप्ताहिक कार्यशाला का आज समापन हो गया। मुख्य अतिथि बीएसए कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र मिश्र ने महात्मा गौतम बुद्ध के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बुद्ध त्याग एवं तपस्या के साक्षात प्रतिमूर्ति थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कमल कौशिक ने

### छात्रों ने लगाई गौतम बुद्ध के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी

की। कार्यक्रम के संयोजक अनिल सोनी थे। प्रधानाचार्य एवं मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

संचालन सुरेश सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के एएनओ पवन कुमार, अरुण कुमार, बृजेश शर्मा, नीतू शर्मा तथा देवेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

## देशी तमंचा कारतूस रखने के आरोप में गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** छाता पुलिस ने एक अभियुक्त को देशी तमंचा व कारतूस रखने के आरोप में रेलवे फाटक दौताना के समीप से जितेंद्र उर्फ जीतू को गिरफ्तार किया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई



सेठवाड़ा स्थित कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को पुष्पाजंलि अर्पित करते कांग्रेसी।

**यूनिक समय, मथुरा।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 34 वीं जयंती कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता मनोज गौड़ की अध्यक्षता में सेठवाड़ा स्थित कार्यालय पर मनाई। पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के चित्रपट पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर रूपा लवानिया, जिलानी कादरी, प्रदीप सागर, रमेश कश्यप, आशीष अग्रवाल, महेश चौबे, राजा गौतम, उमाशंकर शर्मा, संदीप हिंडोल, दीपक दीक्षित, पंकज चौधरी, खुशीराम पटेल, गौरी शंकर यादव, शैलेश यादव, प्रेम भंवर, सत्यदेव शर्मा, विवेक शर्मा, हर्ष कुमार, बलवीर सिंह, मुस्लिम कुरैशी, जुगल वार्ष्णेय तथा सुरेश शर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन अप्रतिम सक्सेना ने किया।

# सप्त दिवसीय जागरूकता अभियान का समापन



प्रधानाचार्य गोपाल शरण शर्मा को सम्मानित करते अतिथि।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** सप्त दिवसीय जागरूकता अभियान के समापन पर वृंदावन शोध संस्थान एवं श्रीरामकृष्ण विवेकानंद जूनियर हाईस्कूल के संयुक्त तत्वावधान में संग्रहालय शिक्षा और शोध विषयक व्याख्यान एवं श्रीराम पर एकाग्र लघुचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर सप्त दिवसीय जागरूकता अभियान के माध्यम से हमारा उद्देश्य रहा है कि नई पीढ़ी संस्कृति के अध्ययन की ओर उन्मुख हो सके। प्रधानाचार्य गोपालशरण शर्मा ने कहा कि शिक्षा के लिए केवल विद्यालय ही एकमात्र माध्यम नहीं है। विद्यालयों के अलावा संग्रहालय द्वारा भी विद्यार्थियों की ज्ञान पिपासा को शान्त किया जा सकता है। संचालन करते हुए क्यूरेटर श्रीमती ममता कुमारी एवं वरिष्ठ शोध एवं सहायक डॉ. करूणेश उपाध्याय ने भी विचार व्यक्त किए।

## के.डी. डेंटल कॉलेज में भावी दंत चिकित्सकों को मिली बहुमूल्य जानकारी

# दंत चिकित्सा में 2डी और 3डी इमेजिंग से आया क्रांतिकारी बदलाव

**यूनिक समय, मथुरा।** के.डी. डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में आयोजित सीडीई कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय अतिथि वक्ता डॉ. अमर शोलापुरकर ने दंत चिकित्सा में 2 डी और 3डी इमेजिंग तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. शोलापुरकर, जो जेम्स कुक यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया में क्लीनिकल डेंटिस्ट्री और ओरल रेडियोलॉजी के सीनियर लेक्चरर हैं, ने बताया कि कैसे इन उन्नत तकनीकों ने दंत चिकित्सा में निदान और उपचार की प्रक्रिया को सरल और सटीक बनाया है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक 2डी रेडियोग्राफी की सीमाओं को 3डी इमेजिंग तकनीकों जैसे कोन बीम कम्प्यूटेड टोमोग्राफी (सीबीसीटी), चुम्बकीय अनुनाद इमेजिंग (एमआरआई) और



मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय अतिथि वक्ता डॉ. अमर शोलापुरकर, प्राचार्य और डीन डॉ. मनेश लाहौरी, विभागाध्यक्ष डॉ. विनय मोहन व अन्य विभाग प्रमुख।

अल्ट्रासाउंड ने दूर किया है। इन तकनीकों से जटिल मौखिक और मैक्सिलोफेशियल रोगों का सटीक निदान संभव हुआ है। उदाहरण स्वरूप, एक अध्ययन में सीबीसीटी का उपयोग करके दांतों के पल्प और इनेमल वॉल्यूम अनुपात से आयु का अनुमान अधिक सटीक पाया गया। डॉ. शोलापुरकर ने डिजिटल रेडियोग्राफी की भूमिका पर भी चर्चा की, जिसमें फिल्म–आधारित रेडियोग्राफी की तुलना में बेहतर छवि गुणवत्ता, त्वरित प्रसंस्करण और त्रुटियों में कमी जैसी सुविधाएँ हैं।

उन्होंने 3डी प्रिंटिंग और वर्चुअल सर्जिकल प्लानिंग के एकीकरण को ऑर्थोगैथिक और ओरल मैक्सिलोफेशियल सर्जरी में उन्नत रोगी देखभाल के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और अंत में उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल और प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल ने आयोजन की सराहना की, जबकि प्राचार्य डॉ. मनेश लाहौरी ने डॉ. शोलापुरकर का आभार व्यक्त किया। ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग प्रमुख डॉ. विनय मोहन ने इस तरह के कार्यक्रमों को छात्रों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में वर्तमान प्रगति के बारे में जागरूक और अद्यतन रहने में मददगार बताया।

## 15 जून तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**यूनिक समय, मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के निर्देश पर जनपद में बेसिक शिक्षा परिषद के संचालित विद्यालयों / मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में 15 जून तक ग्रीष्मावकाश के चलते जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र 15 जून तक बन्द रहेंगे। इस अवधि में 03–06 वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थिति आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नहीं होगी, परन्तु समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री एंव मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केन्द्र पर उपस्थित रहते हुए पोषण ट्रैकर ऐप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को पोषण ट्रैकर ऐप पर आधार सत्यापन, ड्राई राशन वितरण, वजन तथा गृह भ्रमण सहित समुदाय आधारित गतिविधियों एंव अन्य शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्व की भांति किया जायेगा।

# एसडीएम महावन ने पकड़ा 2500 लीटर सिंथेटिक दूध

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** बुधवार को एसडीएम महावन आदेश कुमार ने थाना बलदेव अंतर्गत हनुमान तिराहा से 2500 लीटर सिंथेटिक दूध से भरा टैंकर पकड़ लिया। यह टैंकर धौलपुर से राया सप्लाई के लिए लाया जा रहा था। उन्होंने समूचे दूषित दूध को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। उनकी इस कार्यवाही से मिलावट खोरों में हड़कंप मच गया। एसडीम महावन आदेश कुमार को सूचना मिली कि सिंथेटिक दूध से भरा एक टैंकर धौलपुर से मथुरा में सप्लाई के लिए लाया जा रहा है। टैंकर में 2500 लीटर मिलावटी दूध भरा था। उन्होंने हनुमान तिराहा पर थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ टैंकर को पकड़ा। टैंकर चालक ने अपना नाम व पता लक्ष्मीनारायण निवासी मसुका बाड़ी धौलपुर, राजस्थान बताया। दूध की जांच कराई गई तो दूध मिलावटी था जो नींबू का रस डालने से

## धौलपुर से राया सप्लाई को जा रहा था टैंकर

## कार्रवाई से मिलावट खोरों में हड़कंप मचा

भी नहीं फटा। चालक ने बताया कि दूध राया में सादाबाद रोड स्थित एक डेयरी को देना था। इसकी जानकारी पर सहायक आयुक्त खाद्य धीरेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा एवं औषधि अधिकारी ज्ञानपाल सिंह सचल दल के साथ भी मौके पर पहुंच गए। चालक ने बताया कि यह दूध राया में सादाबाद रोड पर डेयरी को देना था। चालक ठीक ढंग से रामू डेयरी वाले का नाम पता फोन नंबर नहीं बता पाया। साथ ही सादाबाद रोड राया में किस डेयरी पर जाना था वह भी सही से नहीं बता रहा था। पुलिस ने टैंकर को पकड़ कर बलदेव थाने भेज दिया है।




# जिला जज ने सिविल, न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट का किया निरीक्षण



छाता तहसील सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते जिला जज विकास कुमार।

**यूनिक समय, छाता।** तहसील सभागार में आयोजित स्वागत समारोह का शुभांरभ जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने किया। छाता बार एसोशिएशन के अधिवक्ताओं ने जिला जज का स्वागत कर राधाकृष्ण का चित्रपट भेंट किया। जिला जज विकास कुमार ने कहा कि आज तक ब्रज के बारे में जो सुना था कि ब्रज की रज–रज में जो प्रेम भरा है वास्तव में इसका अहसास ब्रज में आने पर ही हो रहा है। यहां का प्रेम और सम्मान अनोखा है। इस दौरान सीजेएम उत्सव गौरव राज, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमित कुमार वरिष्ठ अधिवक्ता एसके वार्ष्णेय, मुरारीलाल पचौरी, ठा. सुरेन्द्र सिंह, बार एसोसिएशन अध्यक्ष करन चौधरी, हीरेन्द्र सारस्वत, राजेश शर्मा, सालिगराम शर्मा, रोहिणीश्वर शर्मा, चन्द्रपाल यदुवंशी, प्रकाश चंद्र जादौन, देशराज जादौन, ठा. ओमप्रकाश जादौन, विनोद तिवारी, केके पाठक, हिम्मत सिंह, विशाल शर्मा, हेमलता, मुकेश शर्मा, दीपक आर्य तथा अजय सिंह आदि मौजूद थे। संचालन सचिव केके तिवारी ने किया। वहीं अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष पूरन सिंह ने बारिश के दौरान कोर्ट कैम्पस में पानी भरने की समस्या के समाधान की मांग की। वही भगवान दास रुहिला ने युवा पीढ़ी के अधिवक्ताओं के लिए पुस्तकालय की मांग की। इस दौरान उपाध्यक्ष सुशील भारद्वाज, सचिव बच्चू सिंह निमेष, किशन सिंह, संग्राम सिंह, जगदीश गर्ग, प्रीति गुप्ता, यशपाल सिंह, संजू शर्मा तथा राजवीर सिंह आदि मौजूद थे।

# अहिल्याबाई के महिला सशक्तीकरण के प्रयास आज भी सार्थक: बबिता



महारानी अहिल्याबाई की जयंती समारोह पर भाजपा द्वारा आयोजित संगोष्ठी के दौरान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मुदिता शर्मा।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** रानी अहिल्याबाई होल्कर के 31 मई को मनाए जाने वाले जन्म दिन को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की संगोष्ठी भाजपा जिला कार्यालय पर हुई। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बबिता चौहान ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में समाज में कई महत्वपूर्ण सुधार किए। उनकी न्यायप्रियता, सामाजिक कल्याण के कार्य और महिला सशक्तीकरण के प्रयास आज भी हमें प्रेरित करते हैं। अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर भाजपा जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसको लेकर पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम संयोजक मुकेश वार्ष्णेय कहा कि विभिन्न स्थानों पर विद्यालयों और मंदिरों की स्थापना करवाई, जिससे लोगों को शिक्षा और धार्मिक ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम सह संयोजक मुदिता शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा कटिबद्ध है। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में रानी अहिल्याबाई की संगोष्ठी कर उनके विचारों हर युवाओं तक पहुँचाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अनिल चौधरी, देवेंद्र शर्मा, चंद्रवीर सोलंकी, अमन ठाकुर, तरुण सैनी, नमामि गंगे के संयोजक रसिक बिहारी शर्मा, नरेंद्र गौतम, वीरेंद्र शर्मा मनीष ओझा, भूरे सिंह, नरेंद्र, प्रेम सिंह तथा शैलेंद्र चौधरी आदि उपस्थित थे। संचालन जिला महामंत्री सत्यपाल चौधरी ने किया।

# वार्ड नंबर 47 में निकाली तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा निकलते हुए महापौर विनोद अग्रवाल, पूर्व पार्षद तिलक वीर चौधरी तथा विनोद दीक्षित के साथ अन्य।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में नगर निगम वार्ड नंबर 47 में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल भी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व पूर्व पार्षद तिलक चौधरी ने किया। तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह–जगह स्वागत किया। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद दीक्षित ने कहा कि देशभक्तों ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर एकता का संदेश दिया है, इससे कहीं ना कहीं हमारी सेना का मनोबल बढ़ता है। तिरंगा यात्रा में सौदान सिंह कुंतल, भूपेन चाहर, विपिन चौहान, रवि चौधरी, नितिन कौशिक, नेत्रपाल गौतम आदि शामिल थे।

# जयसिंहपुरा में निकाली गई तिरंगा यात्रा



जयसिंह पुरा में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल पाषर्द राकेश भाटिया आदि भाजपाई।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** बुधवार को नगर निगम के पार्षद राकेश भाटिया के नेतृत्व में वार्ड 36 जयसिंहपुरा में निकली तिरंगा यात्रा में लोगों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा का रास्ते में पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। यात्रा में चल रहे कार्यकर्ताओं के लिए शर्बत और मिष्ठान वितरित करके अगवानी की। अतिथियों का माला और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि राजेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कृष्णानगर राजू चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन सैनी, महामंत्री वासुदेव शर्मा (वासु), महामंत्री धर्मेश तिवारी, पार्षद धनंजय सिंह लोधी, महामंत्री घनश्याम सैनी, तिरंगा यात्रा संयोजक नीरज रावत, उपाध्यक्ष रवि शर्मा, शंशाक शर्मा, मुरारी ठाकुर, अनिल दरोगा, राजू राजपूत, ब्रजलाल सैनी तथा संजय रावत आदि शामिल थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि

**यूनिक समय, वृंदावन।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर आयोजित बैठक में श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। नगर अध्यक्ष चन्द्रमोहन शर्मा (पिंटू पुजारी) ने कहा कि राजीव गांधी की पुण्यतिथि को आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया गया। कहा कि राजीव गाँधी इक्कीसवीं शताब्दी के आधुनिक भारत के जनक थे। इस मौके पर सोशल आउटरीच कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक पाराशर, सोहन सिंह सिसोदिया, प्रभुदयाल गौतम, चंद्रमोहन जायसवाल, वीरेंद्र सिसोदिया, सुशील भट्ट, प्रदीप गौतम, श्याम दुबे, राहुल शुक्ला, पिंकू गौतम तथा रवि शर्मा आदि उपस्थित थे।

## वृंदावन के कैलाश नगर में कल निकलेगी तिरंगा यात्रा

**यूनिक समय, वृंदावन।** सिंदूर ऑपरेशन के अंतर्गत सैनिकों के शौर्य और साहस को सलाम करते हुए नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के उपसभापति मुकेश सारस्वत के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा 22 मई को प्रातः 8:00 बजे कैलाश नगर स्थित हरि मंदिर से प्रारंभ होकर मंडी चौराहे पर समाप्त होगी।

## सीडीओ ने संबंधित विभागों को दिए शीघ्र निस्तारण के निर्देश

# किसान दिवस में मिली 11 शिकायतें

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** वेटरिनरी विश्व विद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न ब्लॉक के किसानों एवं किसान संगठनों ने भाग लिया। इसमें किसानों से 11 प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण एवं लम्बित शिकायतों को संबंधित विभाग के पास निस्तारण के लिए भेज दिया गया। इसमें विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई। किसान




कृषि विज्ञान केन्द्र में किसान दिवस की अध्यक्षता करते सीडीओ मनीष मीना, साथ में अन्य अधिकारी।

दिवस में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के मण्डल अध्यक्ष

## किसानों को दी शासन की योजनाओं की जानकारी

राजकुमार तोमर ने भी अपने सुझाव अधिकारियों के सामने रखे गये। उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने कृषकों को विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। जिला कृषि रक्षा अधिकारी सुबोध कुमार द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष वाई.के. शर्मा ने द्वारा कृषकों को खरीफ, जायद एवं रबी की फसलों को लगाने एवं उनके वैज्ञानिक महत्व के बारे में जानकारी दी।

# रामघाट से पांच जून को शुरू पदयात्रा नौ जून को आएगी मथुरा

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण कराने की मांग और सनातन की मजबूती के लिए जारी श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास का आंदोलन अब देश दुनिया में नया स्वरूप लेने लगा है। देश के अलग–अलग क्षेत्रों से पदयात्रा और वाहन यात्राएं मथुरा की ओर कूच कर रही हैं। बुलंदशहर में मां गंगा के तट रामघाट से पांच जून को शुरू हो रही पदयात्रा नौ जून को मथुरा आएगी। यह दूसरी यात्रा है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास के संरक्षण में रामघाट स्थित श्री वन खंडेश्वर महादेव मंदिर के संत श्री कांताचार्य महाराज की अगुवाई में 5 जून को श्रीकृष्ण की जन्म भूमि को मुक्त करने की मांग एवं सनातन की रक्षा और मजबूती के लिए हिंदू जन चेतना पदयात्रा मथुरा के लिए कूच करेगी। बुलंदशहर में रामघाट स्थित वन खंडेश्वर महादेव मंदिर महंत कांताचार्य महाराज ने बताया कि मां गंगा के चरणबिंदु का आश्रय लेकर के पांच दिवसीय पद यात्रा पांच जून सुबह छह बजे शुरू होगी। यह यात्रा अलीगढ़ होकर जिले के कस्बा राया के गांव पिरसुआ पहुंचेगी, जो लक्ष्मी नगर जमुनापर होते हुए 9 जून को मथुरा आएगी। समापन पर सभा का आयोजन होगा। महामंडलेश्वर डॉ आदित्यानंद जी महाराज, डॉ. लक्ष्मी गौतम, संत गोविंदानंद तीर्थ महाराज आदि ने विचार व्यक्त किए।

# कैंटर ने दंपति की बाइक रौंदी पति की मौत, पत्नी घायल

**यूनिक समय, आगरा।** मलपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक बेकाबू कैंटर ने दंपति की बाइक को रौंद दिया जिससे पति की मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा नहर दक्षिणी बाइपास पर स्थित गांव जखोदा के पास रेलवे ओवरब्रिज पर हुआ। जानकारी के अनुसार स्वरूप नगर नैनाना जाट निवासी सुनील (उम्र 30 वर्ष) और उनकी पत्नी नेहा (उम्र 28 वर्ष) मंगलवार देर रात करीब 11:30 बजे फरह से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे गांव जखोदा के पास ओवरब्रिज पर पहुंचे, पीछे से तेज गति से आ रहे एक बेकाबू कैंटर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक डिवाइडर पर चढ़ गई और दंपति सड़क पर गिर पड़े। उसी दौरान कैंटर भी अपना संतुलन खो बैठा और डिवाइडर से टकराकर पलट गया। यह नजारा देखकर आस–पास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही मलपुरा थाना प्रभारी पवन कुमार सैनी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले सड़क पर पलटे कैंटर को हटवाया और यातायात को बहाल कराया। इसके साथ ही घायल दंपति को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। नेहा को प्राथमिक उपचार के लिए पास के एक अस्पताल में भर्ती किया गया, जबकि सुनील की हालत नाजुक होने के चलते उन्हें एस.एन. मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक सुनील के बड़े भाई जितेंद्र की तहरीर पर कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।




## त्रिशताब्दी स्मृति अभियान मथुरा में गूंजी अहिल्याबाई की प्रेरणा




संगोष्ठी को संबोधित करते भाजपा के वक्ता।

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर ने पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान की शुरुआत संगोष्ठी से की। मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को वर्तमान समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री हरिशंकर 'राजू' यादव ने पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, समाज के प्रति उनके योगदान तथा भाजपा द्वारा चलाए जा रहे त्रिशताब्दी स्मृति अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। संचालन ज्ञानेंद्र राणा ने किया। इस अवसर पर महापौर विनोद अग्रवाल, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह विधायक ठा. मेघश्याम बाल संरक्षक आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा पूर्व ऊर्जा मंत्री रविकांत गर्ग, पूर्व विधायक पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर, पन्नालाल गौतम, निरंजन सिंह धनगर, डॉ. डी. एन. गौतम, गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, हीरा सिंह, रामकिशन पाठक तथा मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा आदि उपस्थित थे।

## एमएलसी ने किया पानी की टंकी का शिलान्यास



जैंत गांव में पानी की टंकी के निर्माण कार्य का हवन यज्ञ कर शुभारंभ करते एमएलसी ओम प्रकाश सिंह।

संवाददाता

**यूनिक समय, जैंत।** वॉटर वर्क्स परिसर में पानी की टंकी के निर्माण के लिए विधान परिषद सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने शिलान्यास किया। बताया है कि जल जीवन मिशन के तहत गंगाजल से ग्रामीण की पेयजल समस्या का समाधान किया जाएगा। बता दें कि गत वर्ष अप्रैल माह में जैंत वॉटर वर्क्स परिसर में हुए भीषण अग्निकांड में पानी की टंकी जलकर खंडहर हो गईं थीं। ग्रामीणों के सामने भयंकर पेयजल संकट व्याप्त है। इस अवसर पर एमएलसी प्रतिनिधि उमेश प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान संजय सिंह, जल निगम के एई भूपेन्द्र, जेई हेमन्त सोलंकी, क्यूसी इंजीनियर अभय सिंह, एप्को इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक आर.के. शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक अनंत कृष्णा, जेई तनुज सारस्वत जेई, सुरक्षा अधिकारी प्रहलाद शर्मा तथा क्वालिटी इंजीनियर प्रदुमन आदि उपस्थित थे।

## मरीजों से कहा अच्छे से दवा कराओ, जल्दी स्वस्थ्य हों

वरिष्ठ संवाददाता

### अस्पताल की सफाई ठीक से करायें : चंद्र प्रकाश

### डीएम ने नगर पंचायत व स्वास्थ्य केंद्र चौमुंहा की व्यवस्थाएं देखीं

**यूनिक समय, मथुरा।** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने चौमुंहा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा लेने आई ग्राम नौगांव की पार्वती से बीमारी के बारे में जानकारी ली और अस्पताल में प्राप्त सुविधाओं के बारे में भी पूछा। जिलाधिकारी ने पार्वती से कहा कि अच्छे से दवा कराओ और जल्दी से स्वस्थ्य हो जाओ, कोई परेशानी हो तो मुझे अवगत कराना। प्रसव हेतु गांव आझई से आई खुशबू से जिलाधिकारी ने जानकारी ली कि अस्पताल में कोई पैसे तो नहीं मांग रहा है और समय से खाना पीना मिल रहा है या नहीं। इस पर खुशबू ने जिलाधिकारी को बताया अस्पताल में सब अच्छा है और कोई परेशानी नहीं है। जिलाधिकारी ने अस्पताल के विभिन्न अनुभागों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एमओआईसी संदीप चौधरी को अस्पताल परिसर में खराब साफ सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत निर्देश दिए कि अस्पताल में उत्कृष्ट साफ–सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों एवं अस्पताल के स्टाफ को कहा कि इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी/संस्थागत प्रसव हेतु महिलाओं को प्रोत्साहित करें। ज्यादा से ज्यादा प्रसव अस्पताल में कराएं। जिलाधिकारी ने दवाओं का स्टॉक चेक किया और दवाओं की एक्सपायरी की तिथियों को भी चेक किया।

## 29 मई से दो जून के बीच आसमान से बरसेगी आग

कार्यालय संवाददाता

### दस बजे से तीन बजे तक खुले में चलने से बचे

**यूनिक समय, मथुरा।** मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है। 29 मई से दो जून तक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से लेकर 55 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा। इसके चलते 10 बजे से तीन बजे तक कोई भी व्यक्ति घर से बाहर (खुले आसमान के नीचे) न निकले। अगर किसी व्यक्ति को घुटन महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर के पास पहुंचे। नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने कहा है कि 29 मई से 2 जून तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोई भी व्यक्ति बाहर (खुले आसमान के नीचे) नही निकलेगा क्योंकि मौसम विभाग ने यह बताया है कि तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से 55 डिग्री सेल्सियस तक जायेगा, जिससे अगर किसी भी व्यक्ति को घुटन महसूस हो या अचानक तबियत खराब हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं रूम के अंदर दरवाजा खोल कर रखे ताकि विंटीलेशन ना रहे, मोबाइल का प्रयोग कम करे, मोबाइल फटने की संभावना जताई जा रही है, कृपया सावधान रहें और लोगों को सूचित करें, दही, मट्ठा, बेल का जूस आदि ठंडे पेय पदार्थ का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करें। आने वाले दिनों में 47 से 55 डिग्री सेल्सियस के बीच बढ़ते तापमान और क्यूम्यलस बादलों की उपस्थिति के कारण अधिकांश क्षेत्रों में दमघोंटू माहौल होने के कारण, यहां कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। गैस सामग्री, लाइटर, कार्बोनेटेड पेय पदार्थ, सामान्यतः इत्र और उपकरण बैटरियाँ, कार की खिड़कियाँ थोड़ी खुली (वेंटिलेशन) होनी चाहिए, कार के फ्यूल टैंक को पूरा न भरें, शाम के समय कार में ईंधन भरें, सुबह के समय कार से यात्रा करने से बचें, कार के टायरों में ज्यादा हवा न भरें।

## पूर्व सैनिकों की समस्या पर विचार

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक अपर जिला अधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई, जिसमें जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल एके सिंह ने पूर्व सैनिकों, वीर नारी एवं उनके आश्रितों तथा ब्लॉक सैनिक बंधुओ से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निराकरण में हुई प्रगति की जानकारी दी। वरिष्ठ सैनिक बंधु खेमचंद शर्मा नगेश एवं कैप्टन हरिहर शर्मा ने अपर जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पूर्व सैनिकों द्वारा पार्क, सड़क आदि के नाम शहीदों के नाम पर किए जाने के प्रार्थना पत्र पर संबंधित नगर निगम मथुरा एवं नगर पंचायत गोवर्धन द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बैठक में कैप्टन भंवर सिंह, कैप्टन जवाहरलाल, उदयभान सिंह, मनोज कुलश्रेष्ठ, आरबी यादव, हरिओम तिवारी, कैप्टन हरिहर शर्मा, बृज सिंह पांडव, रामपाल सिंह, टीकम सिंह, ओम प्रकाश, पृथ्वी सिंह, वीर नारी रामवती तथा वीर नारी त्रिवेणी आदि ने विचारों एवं समस्याओं से अवगत कराया।

## गंगा दशहरा के दिन यमुना पर व्यवस्थाओं की मांग की



जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को ज्ञापन देते माथुर चतुर्वेद परिषद के पदाधिकारी।

### माथुर चतुर्वेद परिषद के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन देकर बताई समस्याएं

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में परिषद का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह से मिला। 5 जून को गंगा दशहरा पर्व की व्यवस्थाएं कराने के संबंध में ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि 5 जून से पहले सभी व्यवस्थाएं यमुना किनारे संबंधित विभागों से पूर्ण करा दी जाएंगी। डीएम ने बताया कि 22 जून को शाम 4 बजे गंगा दशहरा की व्यवस्थाओं के संबंध में एक बैठक प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही है। इसमें परिषद के प्रतिनिधि को भी उपस्थित होने को कहा। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष संजय चतुर्वेदी एल्पाइन, संजय चतुर्वेदी मंत्री, नीरज चतुर्वेदी मंत्री, संजीव चतुर्वेदी एडवोकेट तथा गोपाल चतुर्वेदी एडवोकेट आदि शामिल थे।

## ब्रज प्रदेश का निर्माण कर केंद्र शासित तीर्थ घोषित करे सरकार

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** श्री अन्नपूर्णा देवी मंदिर में दिव्य शक्ति अखाड़ा की बैठक में ब्रज चौरासी कोस के वन, उपवन, मंदिर, मठ,पर्वत, कुण्डो व प्राचीन लीला स्थलियों की सुरक्षा के लिए, ब्रज प्रदेश का निर्माण कर केंद्र सरकार उसको अपने अधीनस्थ लेकर, के उसका विकास करें एवं ब्रज का संरक्षण करें, ताकि ब्रज की उन्नति हो सके, पुरातन जितनी भी धरोहर इमारतें हैं, उनका भी संरक्षण हो सके। दिव्य शक्ति अखाड़ा के ब्रजमंडल (ब्रज चौरासी) कोस अध्यक्ष पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा, कॉरिडोर का हम कोई विरोध नहीं करते। सरकार कॉरिडोर का निर्माण कर रही है। बहुत अच्छा कार्य है, लेकिन हम शासन और प्रशासन से अनुरोध करते हैं, मंदिर के प्रांगण क्षेत्र को विस्तार कर मंदिर के बहार चबूतरा भोग भंडार को लेकर, उसका विस्तार जाए, जिससे दुर्घटना को रोका जा सकता है। उससे यात्रियों समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

पंडित रामकृष्ण गोस्वामी ने कहा कि ब्रज बचाओ, यमुना बचाओ, तथा पहाड़ों का खनन इनको सरकार गंभीरता से लेकर इनको पूर्ण रूपेण संरक्षित करें। ब्रज तीन प्रांतों में विभाजित है। इसलिए इसका विकास होना असंभव है, इसलिए हमारा विचार है कि सरकार केंद्र के अधीनस्थ करें ताकि इसका विकास हो सके। आचार्य राम निहोर शास्त्री ने कहा कि ब्रज क्षेत्र की प्राचीन मल्लविद्या दिनों दिन विलुप्त होती जा रही है, इसके लिए प्रत्येक ग्राम समाज में एवं शहरी क्षेत्र में अखाड़ो के लिए भूमि सुनिश्चित करे। बैठक में भागवत आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी, पंडित श्री हरि सुरेशाचार्य, बृज गोपाल दास, अशोक गोस्वामी, राज कुमार सिंह, प्रदीप गोस्वामी, मुकुंद मोहन शर्मा( कल्लू), नंददास महाराज, रामजी लाल, दुर्ग सिंह, विष्णु भारद्वाज तथा बाबा कर्मयोगी आदि ने विचार व्यक्त किए।

## 30 मई को होंगे कैमिस्ट एसोसिएशन के चुनाव

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मंत्री का चुनाव 30 मई को किया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी श्याम सुंदर दीक्षित ने चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की है।

## सुविचार

सेवा, सहानुभूति और सहयोग से आत्मा को शांति मिलती है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | दशमी | 03:22-01:12 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | पूर्वभाद्रपदा | 06:58-05:47 तक | माह | ज्येष्ठ |
| सूर्योदय | | 5:31 AM | चन्द्रोदय | 01:49 AM |
| सूर्यास्त | | 7:00 PM | चंद्रास्त | 01:56 PM |
| सूर्य राशि | | वृषभ राशि | चंद्र | मीन राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:48AM –12:42 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 03:55-04:43 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | | 01:57PM–03:38PM | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### भागवत पुराण की ये पौराणिक कथा

# संसार में कब और कैसे हुई थी शिवलिंग की उत्पत्ति!

**यूनिक समय, मथुरा।** अगर भागवत पुराण की बात की जाए, तो इस पुराण में भगवान शिव के शिवलिंग स्वरूप की उत्पत्ति से जुड़ी एक कहानी मिलती है। तो आइए जानते हैं इस पौराणिक कथा के बारे में और जानते हैं शिवलिंग की उत्पत्ति के बारे में।

भगवान शिव को भोलेनाथ, महादेव, शिव–शंभू आदि कई नामों से संबोधित किया जाता है। माना जाता है कि जब इस संसार में कुछ भी नहीं था। तब भी भगवान शंकर शिवलिंग के रूप में इस धरती पर विद्यमान थे। लेकिन भगवान शिव के शिवलिंग स्वरूप की कैसे उत्पत्ति हुई, इस बारे में कई पुराणों में अलग–अलग कहानियां मिलती हैं।

शिवलिंग की उत्पत्ति की कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। लेकिन अगर भगवत पुराण की बात की जाए, तो इस पुराण में भगवान शिव के शिवलिंग स्वरूप की उत्पत्ति से जुड़ी एक कहानी मिलती है। तो आइए जानते हैं इस



पौराणिक कथा के बारे में और जानते हैं शिवलिंग की उत्पत्ति के बारे में...

**पौराणिक कथा**

भागवत पुराण की पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु और सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी में बहस छिड़ गई कि दोनों में कौन अधिक श्रेष्ठ है। दोनों ही देवता खुद को अधिक शक्तिशाली सिद्ध करने की होड़ में विवाद करने लगे। तब आकाश से एक विशालकाय शिवलिंग उपस्थित हुआ, जोकि भगवान शंकर का प्रतिनिधित्व करता था। इसके बाद आकाश से आवाज आई कि विष्णु और ब्रह्माजी में से जो भी देव इस दिव्य चमकीले पत्थर का छोर पा लेगा, वह अधिक शक्तिशाली माना जाएगा। तब भगवान विष्णु और ब्रह्मा जी उस शिवलिंग के छोर को ढूंढने लगे, लेकिन उनको इसका अंत नहीं मिला। इसके बाद श्रीहरि विष्णु ने हार मान ली, लेकिन ब्रह्माजी ने झूठ का सहारा लेकर खुद को श्रेष्ठ साबित करने का प्रयास किया। ब्रह्मा जी ने कहा कि उनको इस दिव्य पत्थर का छोर मिल गया है, लेकिन अंत में ब्रह्मा जी का झूठ पकड़ा और महादेव स्वयं प्रकट हुए। तब उन्होंने बताया कि यह शिवलिंग उनका स्वरूप है। भगवान शंकर ने कहा कि यह शिवलिंग वहीं हैं और न तो उनका अंत है और न आरंभ।

**शिवलिंग का अर्थ**

बता दें कि महादेव की शिवलिंग को एक दिव्य ज्योति मानी जाती है। मान्यता के अनुसार, जीव, बुद्धि, आसमान, वायु, मन, चित्त, आग, पानी और पृथ्वी से शिवलिंग का निर्माण हुआ है और यह पूरे ब्रह्मांड का प्रतिनिधित्व करता है।

माना जाता है कि शिवलिंग की उत्पत्ति संसार में सबसे पहले हुई थी। वहीं शिवलिंग की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। जो भी जातक पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव से महादेव की पूजा करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं जरूर पूरी होती हैं।

# प्रेमानंद महाराज ने बताया कार में भगवान की फोटो लगाना सही या गलत

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन में प्रवचन करने वाले प्रेमानंद महाराज का कहना है कि जहां भगवान की मूर्ति रहती है या भगवान का नाम लिखा होता है, वह पवित्र स्थान हो जाता है। ऐसी जगह पर साफ–सफाई और पवित्रता का विशेष ध्यान रखना चाहिए और आप ऐसा नहीं कर सकते तो न मूर्ति रखें और न नाम लिखवाएं। क्योंकि जब भी आप कार या वाहन धोते हैं तो भगवान के नाम और मूर्ति पर भी पानी जा सकता है। यह पानी जमीन पर गिरता है और पैरों के नीचे आता है। इस तरह हम जाने–अनजाने में भगवान का अपमान करते हैं। हम जितना भी भगवान की मूर्ति और उनके नाम का आदर करेंगे, उतना ही उनकी कृपा पाएंगे।

इसके अलावा वाहन नया रहने पर लोग कार में भगवान का चित्र और मूर्ति तो लगा लेते हैं, लेकिन जैसे–जैसे समय बीतता है उत्साह ठंडा हो जाता है। हम साफ–सफाई भी नहीं रखते।

चित्र और मूर्ति पर धूल–मिट्टी और गंदगी पड़ती रहती है, जो कि ठीक नहीं है। साथ ही कई बार लोग गंदे हाथ भगवान को लगा देते हैं।

वास्तु शास्त्र के अनुसार भगवान की मूर्ति को लेकर स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। धूल–मिट्टी को साफ करने के लिए स्वच्छ कपड़े का ही इस्तेमाल करना चाहिए। यदि ऐसा नहीं कर पाते हैं तो आपको अपनी कार या वाहन में भगवान का चित्र नहीं लगाना चाहिए और न ही मूर्ति रखनी चाहिए।


वरना भूलवश हम भगवान का अपमान करते रहेंगे और उनको नाराज कर लेंगे। इसके दुष्परिणाम झेलने पड़ेंगे और अप्रिय घटना का सामना करना पड़ सकता है। धर्म शास्त्रों के



अनुसार देवता का स्थान शुद्ध और पवित्र होना चाहिए। ऐसे में जो लोग सिगरेट और शराब के लती हैं और वो कार में बैठकर सिगरेट और शराब पीने, नॉनवेज खाने के शौकीन हैं, उन्हें अपनी कार में किसी भी भगवान की मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। यदि आप मूर्ति रखते हैं तो ये सावधानियां रखनी चाहिए ..

कार की डैशबोर्ड पर मूर्ति, भगवान का नाम हो तो ये नियम मानें। नियमित रूप से भगवान की तस्वीर, मूर्ति, नाम की साफ कपड़े से साफ–सफाई करें और पूजा करें। कार धोते समय इन पर गंदा पानी न पड़े, बल्कि गंगाजल से धोएं और पूरी तरह से सूखने के बाद ही कार में प्रवेश करें। मूर्ति को ऐसी जगह स्थापित करें, जहां गंदे हाथ न पहुंचे या गंदगी न हो। कार में कभी भी सिगरेट और शराब न पिएं, न ही नॉनवेज, प्याज, लहसुन खाएं। कार में जिस जगह भगवान की तस्वीर रखी है, वहां कभी भी कोई खिलौना या फिर कोई भी सामान न रखें। भगवान की मूर्ति कार चलने से अपनी जगह से बार–बार खिसक रही है तो उसे हटा दें। वास्तु शास्त्र के अनुसार माना जाता हैं कि अगर भगवान की मूर्ति या तस्वीर बार–बार अपनी जगह से खिसक या गिर रही हैं।

# लगातार बनी हुई है धन की समस्या, तो आज ही आजमाएं ये वास्तु टिप्स



**यूनिक समय, मथुरा।** कई बार व्यक्ति को अच्छा–खासा कमाने के बाद भी धन की समस्या बनी रहती है। वास्तु शास्त्र में बताए गए उपाय व्यक्ति को न केवल वास्तु दोष से दूर रखते हैं, बल्कि धन लाभ भी पहुंचाते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं धन लाभ के लिए कुछ आसान वास्तु उपाय, जिन्हें आपको जरूर आजमाना चाहिए।

वास्तु के अनुसार, कर्ज से जल्द मुक्ति पाने के लिए घर या दुकान की उत्तर दिशा में धन रखना चाहिए, क्योंकि वास्तु मान्यताओं के अनुसार, यह दिशा सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश द्वार मानी जाती हैं। इसके साथ ही इस दिशा में धन की देवी लक्ष्मी और कुबेर देव का भी वास माना गया है। इसलिए इस दिशा में धन रखने से धन संबंधी समस्याओं में लाभ मिलने लगता है।

हिंदू धर्म में दीपक को ज्ञान के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। वहीं वास्तु शास्त्र में यह माना गया है कि शाम को मुख्य द्वार पर घी का दीपक जलाने से घर में मां लक्ष्मी का आगमन होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, दीपक को प्रवेशद्वार पर इस प्रकार रखना चाहिए कि घर से निकलते समय दीपक आपके दाएं हाथ की तरफ हो।

# वैवाहिक जीवन में मिठास लाने के लिए आजमाएं ये ज्योतिष उपाय, खत्म होगी कलह

**यूनिक समय, मथुरा।** सच्चे प्रेम की प्राप्ति सिर्फ भाग्य की बात नहीं होती है, बल्कि वह आपके अंदर की ऊर्जा को संवारने से भी प्रेम की प्राप्ति होती है। इसलिए जब आप अपने तन–मन और वातावरण को भी प्रेम के अनुरूप ढालते हैं। तब ब्रह्मांड खुद आपके जीवन में प्रेम को आमंत्रित करता है। वहीं वैवाहिक जीवन में भी सुख–समृद्धि बनाए रखने के लिए हर शादीशुदा जोड़े की प्राथमिकता होती है। लेकिन कई हार जीवनसाथी के साथ अनबन, तनाव और गलतफहमी की वजह से वैवाहिक जीवन में तनाव आने लगता है। जिसका प्रभाव आम जीवन पर भी पड़ सकता है। ऐसे में ज्योतिष उपाय आपकी सहायता कर सकते हैं।

बता दें कि ज्योतिष शास्त्र में कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं, जो वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनाए रखने में सहायता कर सकते हैं। ऐसे में आप भी इन उपायों को अपनाकर अपने जीवनसाथी के साथ संबंधों में मिठास ला सकते हैं और अपनी शादीशुदा जिंदगी को खुशहाल बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आजमाकर आप भी अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुशहाली ला सकते हैं।

**खुद से करें प्रेम :** सच्चे प्रेम की शुरुआत खुद से प्रेम करने से होती है। इसलिए आपको सलाह दी जाती है। आप सबसे पहले अपने गुणों की सराहना करें। अपनी कमियां को अपनाने के साथ अपने भीतर आत्मसम्मान विकसित करें। जिसकी आप अपने पार्टनर से अपेक्षा रखते हैं। साथ ही आपको अपने मन की बात को स्पष्ट करना चाहिए कि आप किस तरह का प्रेम चाहते हैं।

इसके लिए अपनी भावनाओं और इच्छाओं को सबसे पहले एक डायरी में लिखें। फिर ऐसा महसूस करें कि जैसे वह पहले से आपके जीवन का हिस्सा हैं। जब आप अंदर से प्रेम और स्पष्टता के साथ कंपन करते हैं, तो प्रेम भी उसी ऊर्जा के साथ आपकी तरफ आकर्षित होता है।

**सकारात्मक ऊर्जा फैलाएं और पुरानी बातें भूलें:** अतीत के दुखों और असफलताओं को पड़कर रखने से आपकी ऊर्जा क्षेत्र में रुकावट आ सकती है। इसलिए आत्म मुक्ति और क्षमा करने की भावना विकसित करना बेहद जरूरी है। साथ ही दूसरों की मदद करना, एक–दूसरे का आभार व्यक्त करना और सच्चे हृदय से प्रसन्न रहना आदि चारों ओर एक चुंबकीय क्षेत्र बनाता है। जिससे प्रेम और रिश्तों को सहजता से आकर्षित करता है।

**वैवाहिक जीवन में प्रेम को आमंत्रित करें :** माना जाता है कि वैवाहिक जीवन में प्रेम को आकर्षित करने के लिए कुछ क्रिस्टल आपकी मदद कर सकती हैं। जैसे पारंपरिक रोज क्वाट्र्ज के अलावा कुछ शक्तिशाली और दुर्लभ क्रिस्टल प्रेम को आकर्षिक करने में अत्यंत प्रभावी माने जाते हैं।

**कुनजाइट :** कुनजाइट हार्ट चक्र को खोलने के साथ ही भावनाओं को भी संतुलित करता है।

**रोज औरा क्वाट्र्ज :** रोज और क्वार्टज एक ऐसा क्रिस्टल है, जोकि आत्म प्रेम और दिव्य प्रेम के लिए उच्च कंपन क्रिस्टल माना जाता है।

**रोडॉक्रोसाइट :** यह पुराने प्रेम घावों को ठीक करने में सहायता करता है और कोमलता को भी बढ़ाता है।

**पिंक टूरमलिन :** यह क्रिस्टल गहरी भावनात्मक सुरक्षा और आत्मीयता के लिए आदर्श माना जाता है।

इन क्रिस्टल्स का एक छोटा सा ग्रिड बनाकर रखें या फिर एक पाउच में साथ रखे। वहीं रोजाना ध्यान करने के दौरान इनको अपने पास रखें। इससे उनकी ऊर्जा अधिक शक्तिशाली हो जाती है।

**शुक्र को बनाएं मजबूत :** बता दें कि प्रेम और रिश्तों के मामले में शुक्र ग्रह की अहम भूमिका मानी जाती है। शुक्र को शुभ और सशक्त बनाने के लिए आप कुछ आसान उपाय कर सकती हैं। शुक्र ग्रह को मजबूत बनाने के लिए शुक्रवार के दिन गुलाबी या सफेद कपड़े पहनें।

शुक्रवार के दिन सफेद मिठाई या दही का दान करें। इससे दांपत्य जीवन में खुशहाली आ सकती है।वहीं रोजाना 'ॐ शुं शुक्राय नमः' मंत्र का 108 बार जाप करें। इससे रिश्तो को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। वहीं चांदी या फिर हीरे से बनी वस्तु धारण करना चाहिए।

## सम्पादकीय

# बसपा की दुर्दशा और उत्तराधिकारी की तलाश में उलझी मायावती

बसपा की दुर्दशा और उत्तराधिकारी की तलाश में उलझी मायावती के भतीजे आकाश आनंद को चीफ नैशनल कोऑर्डिनेटर बनाकर सबको चौंका दिया गया है, जिससे पार्टी के भीतर असमंजस है। आकाश की बार–बार वापसी और नया पद समर्थकों के मन में सवाल खड़े करते हैं। बीएसपी सुप्रीमो मायावती अपने फैसलों से सभी को चौंकाती रही हैं और भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का चीफ नैशनल कोऑर्डिनेटर बनाकर उन्होंने एक बार फिर यही किया है। हालांकि सियासी मजबूरी में लिए गए इस निर्णय से पार्टी के भीतर का असमंजस और संकट भी सामने आ गया है।पिछले एक साल के भीतर आकाश दो बार पद गंवा चुके हैं और दो बार उनकी वापसी हो चुकी है। उनकी हर वापसी पहले से ज्यादा दमदार रही। इस बार तो उनके लिए मायावती ने नया पद ही बना दिया। आकाश आनंद को लेकर पहले जैसा घमासान मचा था और अब जिस तरह से उनकी वापसी हुई है, उससे बसपा समर्थकों के मन में कई सवाल जरूर होंगे। दलित राजनीति में मायावती आज भी बड़ा नाम हैं। लेकिन, यह भी सच्चाई है कि हर नेता का वक्त होता है और उसे समय रहते अपना उत्तराधिकारी तैयार करना पड़ता है। लगता है कि मायावती इसके लिए पूरी तरह से मन नहीं बना पा रही हैं। पार्टी का एकमात्र चेहरा वह खुद हैं। उनके बाद दूसरी कतार के ज्यादातर नेता पार्टी छोड़कर जा चुके हैं या निष्कासित कर दिए गए हैं। मायावती ने अपना कोई विकल्प कभी उभरने नहीं दिया। ऐसे में आकाश की वापसी के अलावा कोई रास्ता नहीं था। मायावती पार्टी को अपनी विशिष्ट शैली में चलाती हैं, समर्थकों से संवाद करने का उनका अपना तरीका है। हालांकि सोशल मीडिया के दौर में वोटर्स की जो नई पीढ़ी आई है, वह उस पुराने तरीके से शायद भाजपा से कनेक्ट नहीं कर पा रही। उसने बहुजन आंदोलन के संघर्ष को नहीं देखा है। चुनावों को छोड़कर, बाकी वक्त में पार्टी सक्रिय विपक्ष की भूमिका में नहीं दिखती – न उसने पिछले काफी समय से कोई बड़ा आंदोलन किया है। कन्फ्यूजन में घिरी बसपा चुनावों में उतरती तो है, लेकिन अब टक्कर देती हुई नहीं दिखती। पिछले एक दशक में उसका वोट शेयर लगातार नीचे आया है। 2019 आम चुनाव में पार्टी ने जब समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था, तब उसका वोट शेयर 19.2% था और 10 सीटें मिली थीं। 2024 में अकेले चुनाव लड़ने उतरी इरढ का वोट शेयर केवल 9.3% रह गया और खाता भी नहीं खुला। इसी तरह, 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.8% वोट मिले थे। बसपा के वोटर पार्टी के प्रति समर्पित माने जाते हैं। लेकिन, आंकड़े बताते हैं कि यह कोर वोटबैंक भी मायावती से दूर जा रहा है और इसका फायदा मिल रहा है भाजहपा व समाजवादी पार्टी को। सदन से सड़क तक बसपा की मौजूदगी सिमटती गई है और 2027 का विधानसभा चुनाव उसके लिए अस्तित्व की लड़ाई है। इसके पहले उसे सारे कन्फ्यूजन दूर करने होंगे।



पवन गौतम
संपादक

## नजरिया

# भारत का पक्ष रखने की सराहनीय पहल एवं बेतुका विवाद

ललित गर्ग



पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना एवं उसके बाद भारत के सिंदूर ऑपरेशन में पाकिस्तान को करारी मात देने की घटना से निश्चित ही भारत की ताकत को दुनिया ने देखा। लेकिन इसके बाद पाक दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा–दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है, यह फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है इसका राजनीतिक विवादों में घिर जाना। यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बनना चाहिए। देश की सुरक्षा, सैन्य उपक्रम, राष्ट्रीय एकता–अखण्डता एवं विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति होना, देश के हित में नहीं है।

पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ–साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिन्ताजनक है। भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखें लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें कहीं–कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं। पाकिस्तान दोषी होने के बावजूद पीड़ित होने का स्वांग रचकर सहानुभूति जुटाता रहा है। दुनिया के अनेक देश उसके झांसे में आ भी जाते हैं। ऐसे में, दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार का यह प्रयास बहुत जरूरी एवं दूरगामी सोच से जुड़ा है। इस प्रयास को एक बड़े अभियान के रूप में लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों के सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गए।

शशि थरूर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा एवं अनुचित है। इससे एक अच्छा एवं प्रासंगिक मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है। भले ही शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं। लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए। युद्ध एवं आतंक जैसे हालातों में भारत ने अपना पक्ष रखने के लिए पहले भी समय–समय पर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को आगे किया है और उसी परिपाटी को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाकर देश की राजनीति व राजनय को मजबूती दी है। सात सदस्यीय बैजयंत जय पांडा, रविशंकर प्रसाद, शशि थरूर, संजय झा, श्रीकांत शिंदे, कनिमोझी करुणानिधि और सुप्रिया सुले के नेतृत्व में हमारे देश के नेता 32 देशों का दौरा करेंगे। यह विपक्ष के नेताओं के लिए भी स्वर्णिम अवसर है कि वह अपनी काबिलियत एवं देशहित को देश के सामने साबित करें। क्योंकि राष्ट्र एवं राष्ट्रीय एकता सबसे ऊपर है। बांटने वाली राजनीति से अलग जब हम देशहित के पक्ष में खड़े होंगे, तभी आतंकवाद से लड़ने में सहूलियत एवं सफलता मिलेगी। क्या दुनिया ने भारत के सीमित सैन्य अभियान के महत्व, संयम और समझदारी को ठीक से समझा है? क्या भारत आतंकवाद के खिलाफ संपूर्ण युद्ध नहीं छेड़ सकता था? अगर भारत ने युद्ध को नहीं बढ़ाया, तो इसका अर्थ कतई यह नहीं कि भारत का पक्ष कमजोर है। भारत चाहता तो पाक को हर मोर्चे पर नेस्तनाबूद कर सकता है, लेकिन भारत का लक्ष्य आतंकवाद को समाप्त करना है।

भारत ने पाकिस्तान और पीओके में बसे 9 आतंकी ठिकानों को रात के अंधेरे में तबाह कर दिया। इसके बाद भारत ने ठान लिया कि पूरी दुनिया के सामने आतंकवाद परस्त पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करना है, जिसकी जिम्मेदारी अनुभवी एवं विशेषज्ञ सात सांसदों को सौंप कर सरकार ने सूझबूझ एवं परिपक्व नेतृत्व का परिचय दिया है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे। हर एक प्रतिनिधिमंडल में 6–7 सांसद और कई राजनयिक शामिल होंगे। भारत की शांति, अहिंसा, विकास एवं विश्व बंधुत्व का संदेश सात प्रतिनिधिमंडलों के जरिये दुनिया तक पहुंचना इसलिए भी जरूरी है कि भारत को तेज विकास करना है और अब वह पहलगाम जैसे किसी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकता। गौर करने की बात है कि सात प्रतिनिधिमंडलों में 59 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 31 नेता और अन्य दलों के 20 नेता शामिल हैं। इस तरह सर्वदलीय सांसदों की टीमों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मिशन पर भेजने से भारत का पक्ष मजबूत होगा, दुनिया में आतंक के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण बनेगा। ये दौरे न सिर्फ आतंकवाद पर भारत की नीतियों को साफ करेंगे, बल्कि पाक की हरकतों को भी दुनिया के सामने बेनकाब करेंगे। सात प्रतिनिधिमंडल में जिन नेताओं को नेतृत्व दिया गया है, उसमें भी अन्य दलों को प्राथमिकता देकर एक संतुलन एवं सूझबूझ का परिचय दिया गया है। आइडिया ऑफ इंडिया के साथ सुगठित इस टीम इंडिया के कंधे पर बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

ऑपरेशन सिन्दूर भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बना है। भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। पाक सेना आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है, लेकिन उसकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाक के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। जब तक पाक सेना अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करती तब तक इस तरह के आतंकी तनाव बार–बार सामने आएंगे। पाक भविष्य में फिर से भारत के खिलाफ आतंकी हमले कर सकता है क्योंकि यह उसकी रणनीति का हिस्सा है। पाक सेना की आतंकवाद समर्थक नीतियां और भारत की आक्रामक जवाबी रणनीति इस क्षेत्र में स्थायी शांति की राह में बड़ी बाधाएं हैं। स्पष्ट होता है कि यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है बल्कि इसमें पूरी दुनिया से जुड़े गहरे ऐतिहासिक, वैचारिक और रणनीतिक आयाम हैं। इसलिये दुनिया के बड़े राष्ट्र पाक की आतंकी सोच से परिचित हो, इसी सोच से दुनिया को परिचित कराना सात सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल का मिशन है।

## विचार विण्डो


# जब नेहरू पहुँचे कश्मीर: पहलगाम बना पहला लास्ट वेकेशन डेस्टिनेशन

अभिनय आकाश

पाकिस्तान वो मुल्क है जहां प्रधानमंत्री तो बदलते रहते हैं लेकिन आतंकवाद को बदलने की नीति नहीं बदलती। नवाज शरीफ आए तो भारत ने उरी का दंश झेला। इमरान खान के आने पर पुलवामा जैसी साजिश को अंदाज दिया गया। शहबाज शरीफ ने पहलगाम दिया। हर बार पाकिस्तान की वही कहानी है। आतंकवाद शिविर अपने घरों में लगाते हैं। हिंदुस्तान पर हमला करते हैं। उसके बाद भारत रिएक्ट करता है तो दुनिया के सामने हम निर्दोष हैं का गाना गाते हैं। जम्मू–कश्मीर का पहलगाम जहां 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च कर पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा। पहलगाम, जहां पिछले महीने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी थी। पहलगाम की कायराना आतंकी वारदात की कहानी तो पूरे देश को पता है। लेकिन क्या आपको पहलगाम से जुड़ी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की कहानी मालूम है? नहीं मालूम तो चलिए हम बता देते हैं।

मई 1964 में अपने निधन से ग्यारह महीने पहले नेहरू ने जम्मू और कश्मीर के इस खूबसूरत पर्यटक स्थल पर अपनी बेटी इंदिरा गांधी के साथ 10 दिन की छुट्टियां बिताईं। यह नेहरू की आखिरी हॉलीडे थी। पहलगाम उस समय पर्यटकों के लिए पहले से ही एक पसंदीदा जगह थी। आजादी से पहले ही सड़क मार्ग से सुलभ होने के कारण यह यूरोपीय और भारतीयों दोनों को आकर्षित करता था। अपनी 1943 की किताब कश्मीरः द प्लेग्राउंड ऑफ एशिया में सच्चिदानंद सिन्हा ने पहलगाम के बारे में बहुत ही शानदार लिखा, जो अपने भव्य पर्वतीय दृश्यों, परिवहन सुविधाओं, कैंपिंग, मछली पकड़ने और मनमोहक जलवायु के लिए बेजोड़ है। सिन्हा ने बैसरन का भी उल्लेख किया, जो देवदार के जंगलों से होकर दो मील का रास्ता है, यह वही घाटी है जहां 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने हमला किया था।

साल 1962 में नेहरू की कांग्रेस ने लोकसभा की 494 सीटों में से 361 सीटें जीतकर सत्ता में तीसरा कार्यकाल शुरू किया था। उसी साल बाद में भारत चीन युद्ध उनके लिए बड़ा झटका साबित हुआ। अगस्त 1963 में उनकी सरकार को पहली बार अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा। तमाम घटनाक्रमों के बीच जून 1963 में नेहरू का त्यागपत्र एक उथल–पुथल भरे समय में आया, क्योंकि प्रधानमंत्री बढ़ती राजनीतिक चुनौतियों, अपने बिगड़ते स्वास्थ्य और चीन के साथ 1962 के युद्ध के बाद की स्थिति से जूझ रहे थे। नेहरू 18 जून 1963 को श्रीनगर पहुंचे। उनके साथ इंदिरा और उनके दो पोते राजीव गांधी और संजय गांधी थे, जो उस समय क्रमशः 18 और 16 वर्ष के थे।



परिवार श्रीनगर के चश्मे शाही गेस्ट हाउस में रुका। जिस दिन वे श्रीनगर पहुंचे, उस दिन सुबह नेहरू ने गेस्ट हाउस में राज्य के मंत्रियों, राज्य विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा विधान परिषद के अध्यक्ष के साथ चाय पर बैठक की। श्रीनगर में नेहरू ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चीन–पाकिस्तान गठबंधन कश्मीर में पाकिस्तान के लिए मददगार नहीं होगा। श्रीनगर से नेहरू लगभग 90 किलोमीटर दूर पहलगाम गए। वहां प्रधानमंत्री ज्यादातर राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहे। हालांकि, 21 जून को नेहरू ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नीलम संजीव रेड्डी को पत्र लिखकर उन्हें आश्वस्त किया कि उस समय फैली कुछ अफ़वाहें कि उन्हें (रेड्डी को) उनके पद से हटा दिया जाएगा, निराधार थीं। नेहरू ने रेड्डी को लिखा कि उन्हें अफ़वाहों के लिए खेद है।

बीजू पटनायक 24 जून को वहां उनसे मिले। फिर नेहरू ने पहलगाम में उड़ीसा (ओडिशा) के मुख्यमंत्री बीजू पटनायक के साथ भी बैठक की। जाहिर तौर पर मंत्रिमंडल में फेरबदल की योजना को लेकर दोनों के बीच बातचीत हुई होगी। 26 जून को नेहरू ने पहलगाम से लगभग 12 किलोमीटर दूर अरु घाटी का दौरा किया। उन्होंने कोलाहोई ग्लेशियर का भी दौरा किया, जो लिद्दर नदी का मुख्य स्त्रोत है, जो पहलगाम से होकर बहने वाली झेलम की सहायक नदी है। 28 जून को नेहरू दिल्ली लौट आए।

श्रीनगर में सदर–ए–रियासत डॉ. करण सिंह और जम्मू–कश्मीर के प्रधानमंत्री बख्शी गुलाम मोहम्मद ने उन्हें विदा किया। दिल्ली में प्रधानमंत्री का स्वागत हवाई अड्डे पर वित्त मंत्री मोरारजी देसाई, गृह मंत्री लाल बहादुर शास्त्री, खाद्य एवं कृषि मंत्री एस के पाटिल, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं संस्कृति मंत्री हुमायूं कबीर और कैबिनेट सचिव एस एस खेड़ा सहित गणमान्य लोगों ने किया।

UNICOM ADVERTISING
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS IN JUST 3 Easy Steps
CALL +91 9837115157
E-MAIL Send Advertisement Details to: informunicom@gmail.com
PAY Online through- PAYTM

# चक्की चलनासन का अभ्यास करने से दूर होंगी महिलाओं की ये समस्याएं

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अगर आप भी रोजाना चक्की चलनासन का अभ्यास करती हैं तो इसके आपको कई फायदें मिलेंगे। आइए जानते हैं, इसके बारे में विस्तार से–

आजकल के खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान के कारण महिलाओं में पीसीओडी, एंडोमेट्रेसिस और इनफर्टिलिटी जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही है। इन सबसे बचने का बेहतर तरीका केवल योग है। बस रोजाना चक्की चलनासन का अभ्यास करें। इसे करने से महिलाओं की प्रजनन से जुड़ी समस्या दूर होती है। इसके साथ ही सेहत को कई लाभ मिलते हैं। आइए जानते हैं महिलाओं के लिए चक्की चलनासन के फायदे।



**पीरियड्स की समस्याओं से राहत**

पीरियड्स के दौरान महिलाओं के पेट और कमर में दर्द और ऐठन का सामना करना पड़ता है। चक्की चलनासन के अभ्यास से मासिक धर्म में होने वाले दर्द से काफी राहत मिलती है। वहीं, यह अनियमित पीरियड्स की समस्या को दूर करने में भी सहायक होती है।

**प्रजनन स्वास्थ्यों में सुधार**

इस योग के करने से महिलाओं के प्रजनन अंगों के कार्यक्षमता में सुधार होता है।

चक्की चलनासन के अभ्यास से प्रजनन तंत्र को मजबूत बनता है। इसके नियमित अभ्यास से इनफर्टिलिटी की समस्या को दूर करने में मदद मिल सकती है।

**वजन घटाने में फायदेमंद**

चक्की चलनासन के नियमित रूप से अभ्यास करने से वजन कम होता है। यह आसान पूरे शरीर की मांसपेशियों को सक्रिय करता है, जिससे कैलोरी तेजी से बर्न होती है। शरीर में जमी चर्बी को कम करने में मदद करता है।

**पेट और कमर की मांसपेशियों को मजबूती दे**

ये योग की मदद से पेट और कमर के निचले हिस्से की मांसपेशियों को मजबूत करता है। इससे पेल्विक हिस्से की मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं, जिससे गर्भधारण करने में मदद मिल सकती है।

## रोजाना करें मिलेंगे अनगिनत फायदे

**तनाव को कम करें**

चक्की चलनासन करने से न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। रोजाना इसके अभ्यास करने से मन शांत रहता है और तनाव, चिंता व अवसाद जैसी मानसिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है।

**चक्की चलनासन करने का तरीका**

इसे करने के लिए सबसे पहले जीमन पर बैठ जाएं और अपने पैरों को आगे की ओर फैलाएं। अब हाथों जोड़ें और आगे की ओर बढ़ाएं। अब अपनी पीठ को सीधा रखते हुए, अपने हाथों को पैरों के पास लाएं और चक्की चलाने वाली प्रक्रिया को करें। इस दौरान अपनी सांसों को सामान्य रखें। इस क्लॉक वाइज और एंटी क्लॉक वाइज दिशा में 10–10 बार जरूर करना चाहिए।

# क्या आपने खायी है शुगर फ्री अंजीर की खीर?

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** खीर एक ऐसी स्वीट डिश है जो हम सबको बेहद पसंद आती है। लंच या डिनर के बाद अगर मीठे में खीर मिल जाए तो दिन बन जाता है। लेकिन क्या आपने कभी अंजीर की खीर खायी है? सेहत के गुणों से भरपूर अंजीर को भिगोकर या सूखा दोनों तरह से खाया जाता है। इसके सेवन से वजन कम होता है, कब्ज कंट्रोल किया जाता है साथ ही डायबिटीज के मरीज जिनका मीठा खाने का मन करता है उनके लिए यह डिज़र्ट किसी तोहफे से कम नहीं है। इसमें कैलोरी, कार्ब, प्रोटीन और फाइबर जैसे गुण पाए जाते हैं जो कई समस्याओं से आपका बचाव करते हैं। ऐसे में अगर आपको इस मेवे का खीर खाने को मिले तो क्या कहना? चलिए जानते हैं कैसे बनाएं ये शुगर फ्री डिज़र्ट?

अंजीर की खीर बनाने की सामग्री 1 लीटर दूध, 1 मुट्ठी बासमती चावल, 100 ग्राम अंजीर, 150 ग्राम खजूर, 50 ग्राम गुड़, 7 से 8 बादाम, 7 से 8 काजू, 8–10 पिस्ता, आधा चम्मच केसर, 6 हरी इलायची, 2 टी स्पून बादाम का कतरन, 4 चम्मच देसी घी।

**अंजीर की खीर कैसे बनाएं? :** सबसे पहले 1 मुट्ठी बासमती चावल को भोगकर रख दें। उसके बाद 1 लीटर दूध को गैस ऑन कर गर्म करने के लिए रखें। 100 ग्राम अंजीर लेंगे और उसे दो टुकड़ों में कट कर लें।

अब एक मिक्सर जार लें और उसमें टुकड़े किये हुए अंजीर, 150 ग्राम खजूर और भिगोये हुए बासमती चावल को डालेंगे। इन तीनों सामग्रियों को दरदरा ग्राइंड कर लेंगे। अब गैस ऑन करेंगे और उस पर पैन रखें। पैन में 1 चम्मच घी डालें और 7 से 8 बादाम, 7 से 8 काजू, 8–10 पिस्ता इन सभी ड्राई फ्रूट्स को अच्छी तरह से रोस्ट करें। अब इसी कड़ाही में 3 चम्मच घी डालें और गर्म होने के बाद उसमें अंजीर और चावला का मिश्रण डालें और इन्हें अच्छी तरह से भूनें।

जब मिश्रण अच्छी तरह से भुन जाए, तो इसमें दूध डालें और अब खीर को अच्छी तरह से पकने दें। कुछ देर बाद खीर में 50 ग्राम गुड़, आधा चम्मच केसर और 6 हरी इलायची का पाउडर मिक्स करें। अब खीर को ढककर रखें। जब खीर पक जाए तब गैस बंद कर दें। एक बर्तन में खीर निकालें और गार्निश करने के लिए बादाम का कतरन ऊपर से डालें।

# पहले नहीं खाई होंगी पोहे की बनी स्वादिष्ट इडली



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अगर आप घर पर इंस्टेंट इडली बनाना चाहती हैं, तो आप पोहे के इस्तेमाल से इडली बनाकर तैयार कर सकती हैं। पोहे की इडली बनाना काफी ज्यादा आसान होता है। बल्कि यह दाल–चावल की इडली से ज्यादा आसान होता है।

दक्षिण भारत के खाने का स्वाद हर कोई पसंद करता है। जब भी हेल्दी खाने की बात होती है, तो उसमें दक्षिण भारत के फेमस खाने का जिक्र होता है। खासतौर पर इडली–डोसा लोगों की पहली पसंद है। बड़े–बड़े सिलेब्रिटी भी ब्रेकफास्ट में इडली या डोसा खाना पसंद करते हैं। यह खाने में जितना स्वादिष्ट होता है, उतना ही बनाने में भी आसान होता है। इसको पारंपरिक तरीके से बनाने के लिए उड़द की दाल और चावल की जरूरत पड़ती है।

ऐसे में अगर आप घर पर इंस्टेंट इडली बनाना चाहती हैं, तो आप पोहे के इस्तेमाल से इडली बनाकर तैयार कर सकती हैं। पोहे की इडली बनाना काफी ज्यादा आसान होता है। बल्कि यह दाल–चावल की इडली से ज्यादा आसान होता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर स्वादिष्ट पोहे की इडली बनाने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं। जिससे कि आप भी इसको बनाकर परिवार के साथ स्वाद ले सकें।

**पोहे से इडली बनाने की सामग्री**

पोहा–1 कप, सूजी–1 कप, दही–1 कप, नमक–स्वादानुसार, ईनो–1 छोटा चम्मच, तेल ( सांचे में लगाने के लिए )।

**विधि–** पोहे की इडली बनाने के लिए

## स्वाद ऐसा कि हर कोई पूछेगा रेसिपी

सबसे पहले पोहे को अच्छे से धो लें। फिर करीब 10 मिनट के लिए पोहे को पानी में भिगो दें। फिर पानी से निकालकर पोहे को पीसकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब एक बड़े बर्तन में पेस्ट के साथ सूजी और दही को मिक्स कर लें। अब अच्छे से मिक्स कर एक गाढ़ा बैटर बनाकर तैयार करें। अगर यह ज्यादा गाढ़ा हो जाए, तो इसमें थोड़ा सा पानी मिक्स कर लें।

अब बैटर को 15–20 मिनट के लिए ढककर रख दें। जिससे कि सूजी अच्छे से फूल जाए। फिर करीब 20 मिनट बाद बैटर में नमक मिलाएं और इडली का स्टीमर तैयार करें। अब गैस पर स्टीमर में पानी भरकर चढ़ा दें, जिससे कि पानी अच्छे से खौल जाए। वहीं साथ ही इडली के सांचे में हल्का–हल्का तेल लगा लें।

जब स्टीमर तैयार हो जाए और पानी उबलने लगे तो बैटर में ईनो मिक्स कर लें। ईनो डालने से बैटर फूलने लगेगा। फिर इडली को पूरे सांचे में बैटर डालें, लेकिन इस दौरान इस बात का ध्यान रखें कि इडली वाला सांचा पूरी तरह से न भरे।

इसके बाद स्टीमर को मीडियम आंच पर 10–15 मिनट तक स्टीम करें। बीच–बीच में आप टूथपिक या चाकू की मदद से इडली को चेक करते रहें। अगर वह पूरी तरह से साफ निकल आती है, तो इसका मतलब है कि इडली बनकर तैयार है। अब आप इसको सांभर के साथ परोसकर खा सकते हैं।

# प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है भरतपुर नगरी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भरतपुर के इन प्रमुख पर्यटन स्थलों के अलावा भी इस नगरी में कई और रोमांचक और सांस्कृतिक स्थल हैं जो आपके पर्यटन अनुभव को और भी समृद्ध बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त, भरतपुर की स्थानीय संस्कृति, खासतौर पर उसका रंग–बिरंगी लोक नृत्य और संगीत भी पर्यटकों को आकर्षित करती हैं।

राजस्थान, भारत की धरोहरों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्वितीय संगम है। इस प्राचीन भूमि का हिस्सा होने के नाते, यहाँ के नगरों ने अपनी अलग पहचान बनाई है। इसमें से एक नगरी है भरतपुर, जो अपने प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है।

**किला भरतपुर:** यह किला भरतपुर का प्रमुख आकर्षण है, जिसे 18वीं सदी में महाराजा सूरजमल ने बनवाया था। इसकी विशेषता उसकी अद्वितीय वास्तुकला और समुद्री ढाल है।



**केवलादेव नेशनल पार्क:** यह पार्क भारतीय जैव विविधता के लिए जाना जाता है और विशेषतः पक्षी प्रेमियों के बीच लोकप्रिय है। यहाँ अगर आप पक्षियों की खोज में निकलें, तो आपको बहुत सी प्रजातियों का अनुभव मिलेगा।

**लोहगढ़ फोर्ट:** यह फोर्ट भी भरतपुर में स्थित है और यह एक अन्य ऐतिहासिक स्थल है जो 18वीं सदी में बनाया गया था। इसकी महत्वपूर्ण विशेषता उसकी सुंदर वास्तुकला और राजपूतानी स्थापत्य शैली में है।

**लोहगढ़ वाणी विलास:** यह एक अद्वितीय स्मारक है जो विशेषतः शिकारी महाराजों के लिए बनाया गया था। इसकी शैली और साज सज्जा देखने लायक है।

भरतपुर के इन प्रमुख पर्यटन स्थलों के अलावा भी इस नगरी में कई और रोमांचक और सांस्कृतिक स्थल हैं जो आपके पर्यटन अनुभव को और भी समृद्ध बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त, भरतपुर की स्थानीय संस्कृति, खासतौर पर उसका रंग–बिरंगी लोक नृत्य और संगीत भी पर्यटकों को आकर्षित करती हैं।

**भरतपुर शहर में स्थित महत्वपूर्ण मंदिर**

**बांके बिहारी मंदिर:** भरतपुर का बांके बिहारी मंदिर कृष्ण भगवान के प्रमुख मंदिरों में माना जाता है।

इस मंदिर में भगवान बांके बिहारी की मूर्ति स्थापित है और यहाँ के भक्त निरंतर उनकी पूजा–अर्चना में जुटे रहते हैं।

**लक्ष्मी नारायण मंदिर:** यह मंदिर भरतपुर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, जो लक्ष्मी और नारायण को समर्पित है। इसकी महत्वपूर्ण विशेषता उसकी राजपूतानी वास्तुकला और संस्कृति है।

**गोलोकधाम मंदिर:** यह मंदिर भरतपुर का एक अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है, जो कृष्ण भगवान को समर्पित है। यहाँ भक्त ध्यान में जुटे रहते हैं। इस मंदिर की स्थापत्य शैली उसकी विशेषता है।

**भवानी नाथ मंदिर:** भरतपुर में स्थित इस मंदिर में माँ भवानी की मूर्ति स्थापित है, जिसे स्थानीय लोग विशेष श्रद्धा और भक्ति से पूजते हैं।

**श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर:** यह मंदिर भरतपुर का एक अन्य प्रसिद्ध महादेव मंदिर है, जिसे शिवजी को समर्पित किया गया है। इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग की भक्त निरंतर अर्चना करते हैं और इसकी शांति पूजा महादेव भक्तों को आकर्षित करती है।

### सीएम योगी ने दिए सख्त निर्देश

# यूपी के सभी मंडलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजनों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्र' स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें दिव्यांगों के पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाओं को स्थानीय स्तर पर सुलभ कराने पर बल दिया गया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दिव्यांग छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है। कुछ अराजक तत्व योजनाबद्ध ढंग से दिव्यांग विद्यार्थियों को भ्रमित कर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए सभी विद्यालयों और दिव्यांग केंद्रों का व्यापक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही बाहरी संस्थाओं को सहायता के नाम पर प्रवेश देने से पहले उनकी पृष्ठभूमि की गहन जांच आवश्यक बताई।

बैठक में सीएम योगी ने कहा कि दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहना होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी 'बचपन डे केयर सेंटरों', मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' जैसे विशेष विद्यालयों का निरीक्षण किया जाए। इन संस्थानों में अध्ययनरत बच्चों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएं।

शिक्षकों की कमी के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि रिक्त पदों को जल्द भरा जाए, और जब तक नियमित नियुक्तियां न हो, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन सेवाओं में लगे युवाओं को भविष्य की भर्ती प्रक्रिया में वेटेज (अतिरिक्त अंक) देने की व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित 'डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय' और चित्रकूट स्थित 'जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय' में कौशल विकास पर आधारित पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

साथ ही इन संस्थानों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया ताकि देशभर के दिव्यांगजन इनसे जुड़ सकें और सशक्त बन सकें।

### नौकरशाही में बड़ा फेरबदल

# कई जिलों के डीएम और छह पीसीएस अफसरों के तबादले

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश की नौकरशाही में मंगलवार देर रात बड़ा बदलाव करते हुए कई जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम) और छह पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस बदलाव का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और सुचारू बनाना बताया जा रहा है।

सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, हरदोई के डीएम मंगला प्रसाद सिंह को बलिया का डीएम बनाया गया है, जबकि बलिया के डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार को संयुक्त प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) नियुक्त किया गया है।

महराजगंज के डीएम अनुनय झा अब हरदोई के नए डीएम होंगे। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ और नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को महराजगंज का डीएम नियुक्त किया गया है।

साथ ही, सिद्धार्थनगर के सीडीओ जयेंद्र कुमार को अयोध्या तीर्थ विकास परिषद का मुख्य कार्यपालक अधिकारी और नगर आयुक्त अयोध्या बनाया गया है। वहीं, गोरखपुर की संयुक्त मजिस्ट्रेट मृणाली अविनाश जोशी अब सिद्धार्थनगर की सीडीओ होंगी। रविंद्र कुमार को संस्कृति विभाग से स्थानांतरित कर विशेष सचिव कृषि, विपणन, विदेश व्यापार तथा कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ज्ञानेंद्र सिंह, जो अब तक उत्तर प्रदेश जल निगम में संयुक्त प्रबंध निदेशक थे, उन्हें पीलीभीत का नया डीएम बनाया गया है।

पीलीभीत के वर्तमान डीएम संजय कुमार सिंह को विशेष सचिव, संस्कृति विभाग और निदेशक, धर्मार्थ कार्य बनाया गया है।

इसके अलावा, अपूर्वा दुबे को निदेशक सूडा, कुलदीप मीणा को उपाध्यक्ष अलीगढ़ विप्रा, निशा को सीडीओ बुलंदशहर और प्रेरणा शर्मा को विशेष सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग नियुक्त किया गया है।

पीसीएस अधिकारियों में प्रकाश चंद्र, शिव नारायण, विनीत कुमार सिंह, हिमांशु वर्मा, उत्कर्ष श्रीवास्तव और अलंकार अग्निहोत्री के तबादले किए गए हैं। यह फेरबदल प्रशासनिक सुचारुता और बेहतर सेवा प्रबंधन के उद्देश्य से किया गया है।

### प्रदेश में इसी महीने एक करोड़ से अधिक बच्चों की होगी डीबीटी

# खाते में भेजे जाएंगे 1200 रुपये

**यूनिक समय, लखनऊ।** प्रदेश में इसी महीने प्राइमरी स्कूल के एक करोड़ बच्चों को डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर के माध्यम से 1200 रुपये भेजे जाएंगे। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले एक करोड़ से ज्यादा बच्चों को निःशुल्क बैग, ड्रेस, स्वेटर, जूता-मोजे के लिए 1200 रुपये डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर (डीबीटी) किया जाएगा। यह डीबीटी बच्चों के अभिभावकों के खाते में भेजा जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से इसके लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम के लिए समय मांगा गया है।



प्रदेश के 1.33 परिषदीय विद्यालयों में पिछले सत्र 2024-25 में लगभग 1.51 करोड़ बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। जबकि नए सत्र 2025-26 के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत एक करोड़ से ज्यादा बच्चों का नामांकन पूरा हो चुका है। इसमें नए सत्र में कक्षा एक और छह में लगभग 4 लाख नए बच्चों के नामांकन भी हुए हैं।

विभाग का प्रयास है कि नए सत्र की शुरुआत में ही बच्चों के अभिभावकों के खाते में यह पैसे भेज दिए जाए ताकि गर्मी की छुट्टियों के बाद जब स्कूल खुले तो बच्चे पूरे ड्रेस में बैग आदि के साथ आएं। पूर्व के वर्षों में डीबीटी होने में काफी समय लग जाता था। इसके तहत पिछले साल भी इसे जून-जुलाई में कराया गया था। इस साल इसे मई के आखिरी सप्ताह में भी कराने की तैयारी है। इसके लिए शासन व समग्र शिक्षा आदि मद से बजट का प्रावधान भी कर लिया गया है। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के वार्षिक तबादला नीति के तहत ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए शासन ने निर्देश जारी किए हैं। इसमें शिक्षकों के तबादले के लिए भारांक जारी करने के साथ ही माइनस मार्किंग को भी लागू किया गया है। लघु दंड पाने वाले शिक्षक के पांच नंबर और पिछले तीन साल में वृहद दंड पाने पर 10 नंबर काटे (नकारात्मक) जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव उमेश चंद्र की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि उन्हीं विद्यालयों में रिक्तियां प्रदर्शित की जाएंगी, जहां पर तीन या तीन से कम सहायक अध्यापक हैं। इंटर स्तर के विद्यालयों में तीन सहायक अध्यापक व तीन प्रवक्ता से कम शिक्षक कार्यरत हैं। इससे अधिक होने पर रिक्तियां नहीं दिखाई जाएंगी। हालांकि, आकांक्षी जिलों में सभी रिक्तियां प्रदर्शित की जाएंगी। तबादले ऑनलाइन आवेदन से होंगे। इच्छुक शिक्षक खाली पदों के लिए 10 विद्यालयों की वरीयता दे सकेंगे। 31 मार्च 2022 के बाद नियुक्त शिक्षक ऑनलाइन तबादले के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। राजकीय बालिका इंटर व हाईस्कूल के लिए केवल महिला अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकेंगी। एक पद आवेदकों का गुणांक समान होने पर अधिकतम आयु वाले को वरीयता मिलेगी। दिव्यांग आवेदक को 20 नंबर, दंपती के राजकीय सेवा में होने पर 20 नंबर, गंभीर बीमार होने या बच्चों के दिव्यांग होने पर 15 नंबर, सेवानिवृत्ति के दो साल से कम होने पर 15 नंबर, पहली नियुक्ति की तिथि से दस साल की सेवा पर अधिकतम 20 नंबर दिए जाएंगे। तबादले अधिकतम 10 फीसदी तक ही होंगे और प्रक्रिया 15 जून तक पूरी होगी।




# दर्दनाक हादसे में भाकियू नेता अंकित निरवाल और तीन वर्षीय बच्ची की मौत, आठ घायल



**यूनिक समय, बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में भारतीय किसान यूनियन (राजनीतिक) के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित निरवाल (35) और तीन वर्षीय बच्ची मिष्ठी की मौत हो गई। हादसा बिजनौर-मंडावर मार्ग पर हमीदपुर गांव के पास हुआ, जब एक स्विफ्ट कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से भीषण टकरा गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंकित निरवाल निवासी काजीवाला, अपने मित्र सुभाष के साथ कार से मंडावर की ओर जा रहे थे। रात लगभग एक बजे उनकी कार सड़क पर खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। अंकित और मासूम मिष्ठी की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार लोग अमरोहा जिले के चौहड़पुर गांव के निवासी थे, जो हरिद्वार में मुंडन संस्कार के लिए जा रहे थे। मिष्ठी, जो मनोज की पुत्री थी, उसी ट्रॉली में सवार थी और हादसे में उसकी भी जान चली गई। इस हादसे में कुल आठ लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल भेजा गया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। स्थानीय लोग और भाकियू कार्यकर्ता गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# लखनऊ में व्यापारियों ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात



**यूनिक समय, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उन्हें हाल ही में पाकिस्तान पर हुए सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर व्यापारियों ने देश की आंतरिक सुरक्षा के मद्देनज़र एक अहम मांग रखी कि उन्हें आर्म्स (हथियार) चलाने का प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे वे न केवल अपनी सुरक्षा बल्कि देश के अंदर भी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

उत्तर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी और महामंत्री अनिल बजाज के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, चीन और तुर्किये जैसे देशों से व्यापार पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की। व्यापारियों ने वादा किया कि वे अपनी दुकानों में केवल भारत में निर्मित वस्त्रों की ही बिक्री करेंगे और अन्य व्यापारियों से भी इसी दिशा में सहयोग करने की अपील की।

### मांगा हथियार चलाने का प्रशिक्षण और देशविरोधी देशों से व्यापार बंद करने की मांग

व्यापारियों ने यह भी आग्रह किया कि लखनऊमें ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण जैसी परियोजनाएं राजधानी को गौरव प्रदान करती हैं और इससे स्थानीय व्यापार और आत्मनिर्भर भारत को बल मिलेगा। साथ ही, वर्तमान समय में यूपी में बिजली की दरें न बढ़ाने की भी अपील की गई।

इस प्रतिनिधिमंडल में अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, श्याम कृष्नानी, पुनीत लाल चंदानी, जितेंद्र अरोड़ा, विजय मोतियानी और पप्पू ग्रोवर शामिल थे। सभी ने देशहित में मजबूत व्यापारिक नीतियों और सुरक्षा के लिए सजग समाज की आवश्यकता पर बल दिया।

## सार संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट से पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को यूपीएससी धोखाधड़ी मामले में अग्रिम जमानत दी और जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया।

### 24 मई को होगी टीम इंडिया की घोषणा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा 24 मई को की जाएगी, बीसीसीआई चयन समिति इस पर अंतिम फैसला लेगी।

### जस्टिस वर्मा याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर याचिका पर विचार से इनकार किया, कहा राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को रिपोर्ट भेजी।

### राजस्थान में भीषण गर्मी का अलर्ट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** श्रीगंगानगर में तापमान 46 डिग्री पहुंचा। अगले तीन दिन 40-46 डिग्री तक तापमान रहने की संभावना। पूर्वी राजस्थान में 23 मई से आंधी-तूफान की संभावना।

### छत्तीसगढ़ मुठभेड़ में 26 नक्सली ढेर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नक्सल मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 26 नक्सलियों को मार गिराया। एक जवान शहीद, एक घायल। उपमुख्यमंत्री ने मुठभेड़ की पुष्टि की।

### अली खान महमूदाबाद याचिका पर सुनवाई

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी रोकने की याचिका पर सुनवाई जारी, कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा।

### रायपुर में मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुबह 7:45 पर रायपुर स्टेशन पर लोह अयस्क से लदी मालगाड़ी के दो डिब्बे डिरेल, कोई हताहत नहीं।

### सुप्रीम कोर्ट में वक्फ एक्ट पर सुनवाई जारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नए वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, एसजी ने कहा याचिकाकर्ता प्रभावित पक्ष नहीं हैं।

### बलूचिस्तान में आत्मघाती हमला में पांच बच्चे मरे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मिलिट्री स्कूल बस पर आत्मघाती हमले में 5 बच्चों की मौत, 38 घायल।

### नेहा सिंह राठौर के खिलाफ केस दर्ज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वाराणसी में लोकगायिका नेहा सिंह राठौर पर पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक वीडियो बनाने और वायरल करने का आरोप।

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी

# मुठभेड़ में 30 से अधिक नक्सली ढेर



### एक करोड़ का इनामी बसव राजू भी मारा गया

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। आज सुबह से जारी एक भीषण मुठभेड़ में 30 से अधिक नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है, जिनमें मोस्ट वांटेड और माओवादी संगठन का टॉप लीडर बसव राजू भी शामिल है। बसव राजू पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से सुरक्षाबलों के रडार पर था।

यह मुठभेड़ नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंडागांव जिलों की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड की संयुक्त टीम द्वारा चलाए गए ऑपरेशन के तहत हुई। जानकारी के अनुसार, माओवादियों के माड़ डिवीजन के वरिष्ठ कैडरों की उपस्थिति की पुख्ता सूचना मिलने के बाद यह सघन अभियान शुरू किया गया।

इस ऑपरेशन में एक जवान शहीद हुआ है जबकि एक अन्य घायल हुआ है। इलाके को सुरक्षाबलों ने पूरी तरह से घेर रखा है और सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने इस मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया और शहीद जवान को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि "राष्ट्र उसकी कुर्बानी को हमेशा याद रखेगा।"

गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले बीजापुर जिले के करेंगुट्टा जंगलों में भी मुठभेड़ हुई थी, जिसमें 5 नक्सली मारे गए थे। उस घटना के बाद से ही सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान को तेज कर दिया था।

वर्तमान में अबूझमाड़ और आसपास के क्षेत्रों में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना से हजारों की संख्या में जवानों को तैनात किया गया है और तलाशी अभियान लगातार जारी है।

## पाकिस्तान में पानी को लेकर भड़की हिंसा

### सिंध के गृह मंत्री के घर पर हमला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाकिस्तान में जल संकट के चलते हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। सिंध और पंजाब प्रांतों के बीच पानी के बंटवारे को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद अब हिंसक रूप ले चुका है। इसी कड़ी में सिंध प्रांत के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर के घर पर प्रदर्शनकारियों ने हमला बोल दिया। रिपोर्टों के मुताबिक, हमलावर हथियारों से लैस थे और उन्होंने घर में आगजनी व तोड़फोड़ की।

यह घटना सिंध के नौशहरो फिरोज जिले के मोरो तालुका की है, जहां विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़पें हुईं। इस हिंसा में दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सरकार ने छह नहरों और कॉर्पोरेट फार्मिंग प्रोजेक्ट्स के तहत सिंध का पानी पंजाब की ओर मोड़ दिया है, जिससे सिंध में पानी की भारी किल्लत हो गई है।

प्रदर्शनकारियों ने गृह मंत्री के घर के कमरों और फर्नीचर को आग के हवाले कर दिया। जब मंत्री के निजी सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे तो भीड़ ने उन्हें भी निशाना बनाने की कोशिश की, जिसके जवाब में सुरक्षाकर्मियों ने हवाई फायरिंग की। हिंसा के दौरान कुछ ट्रकों में भी आग लगा दी गई और लूटपाट की घटनाएं सामने आई हैं।

इलाके में भारी तनाव है और दहशत का माहौल बना हुआ है। गर्मी के कारण पानी की मांग और भी बढ़ गई है, जिससे हालात और गंभीर हो रहे हैं। सरकार की ओर से अब तक इस स्थिति पर कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।


## बीजेपी ने टीएमसी पर लगाए गंभीर आरोप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि हिंसा में जानबूझकर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया और राज्य सरकार मूकदर्शक बनी रही। यह घटना वक्फ कानून के विरोध प्रदर्शन के दौरान भड़की थी।

बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि घटना में टीएमसी से जुड़े स्थानीय नेता शामिल थे और पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की। हाईकोर्ट द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट में भी हिंसा के लिए स्थानीय पार्षद महबूब आलम को जिम्मेदार बताया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, 113 घरों को नुकसान पहुंचा और कई परिवारों को पलायन करना पड़ा। बीजेपी ने मामले में कड़ी कार्रवाई और टीएमसी सरकार से जवाबदेही की मांग की है।

## मूडीज ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बताया मजबूत




### वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भविष्य को लेकर जताया भरोसा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया है। एजेंसी ने कहा कि अमेरिका द्वारा टैरिफ (शुल्क) बढ़ाए जाने और वैश्विक व्यापार में जारी अस्थिरता के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में बनी रहेगी। इसका मुख्य कारण देश की मजबूत घरेलू मांग, सीमित निर्यात निर्भरता और सरकार की सक्रिय आर्थिक रणनीतियां हैं।

मूडीज का मानना है कि निजी खपत में बढ़ोतरी, औद्योगीकरण को प्रोत्साहन और बुनियादी ढांचे में निवेश भारत को वैश्विक मंदी और व्यापारिक अनिश्चितताओं के जोखिम से बचाने में मदद करेंगे। एजेंसी ने यह भी कहा कि महंगाई दर में हालिया गिरावट से केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों में कटौती करने की संभावना है, जिससे बैंकिंग सेक्टर में कर्ज सस्ता होगा और आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

हालांकि, मूडीज ने हाल ही में भारत की 2025 की आर्थिक वृद्धि दर के पूर्वानुमान में 6.7% से घटाकर 6.3% कर दिया था। यह निर्णय अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने की घोषणा के बाद लिया गया। इसके बावजूद, एजेंसी का मानना है कि भारत अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अधिक स्थिर और लचीली स्थिति में है।

भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर मूडीज ने कहा कि हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उत्पन्न तनाव पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, लेकिन भारत पर इसका असर सीमित रहने की संभावना है। इसका प्रमुख कारण दोनों देशों के बीच सीमित व्यापारिक संबंध हैं।

कुल मिलाकर, मूडीज ने कहा कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और वह आने वाली वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेगा।

## कर्नाटक के विजयपुरा में महिंद्रा एसयूवी और बस की टक्कर




### छह लोगों की मौके पर ही मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कर्नाटक के विजयपुरा में बुधवार सुबह भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

कर्नाटक के विजयपुरा के मनागुली के पास एक निजी बस और महिंद्रा एसयूवी और बोलैरो की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मनागुली पुलिस ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि कार में सवार पांच लोगों और बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अन्य घायलों को अस्पताल ले जाया गया। मनागुली पुलिस घटनास्थल पर है, मामला दर्ज कर लिया गया है।

विजयपुरा के पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निंबरगी ने बताया कि ये हादसा तब हुआ जब सोलापुर की ओर जा रही एक महिंद्रा एसयूवी 300 गाड़ी ने ओवरटेक किया और मुंबई से बल्लारी आ रही एक निजी बस से टकरा गई। वहीं, एक अन्य बोलेरो भी इस हादसे की चपेट में आ गई। उन्होंने बताया कि हादसे में बोलेरो में सवार पांच यात्री और निजी बस के चालक की मौत हो गई। हालांकि वे यह नहीं बता सके कि बोलेरो किस तरह दुर्घटना की चपेट में आ गई। उन्होंने बताया कि हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित है। लक्ष्मण निंबरगी ने बताया कि बताया कि बुधवार सुबह हुए हादसे में मरने वाले लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

## दिल्ली के कोटला सेवा नगर मार्केट में लगी आग



### दमकलकर्मियों ने आग पर पाया काबू

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली के कोटला सेवा नगर मार्केट में आज भीषण आग लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंची। इसे लेकर दिल्ली फायर सर्विसेज के फायर ऑफिसर मनोज कुमार ने बताया, "हमें सुबह करीब 4 बजे फोन आया। जब हम मौके पर पहुंचे तो देखा कि सभी छह दुकानें आग की चपेट में आ गई हैं। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग पर काबू पा लिया गया है। 8 दमकल गाड़ियां यहां मौजूद हैं। आग लगने का कारण जांच का विषय है।" वहीं एक दूसरे मामले में दिल्ली के सरोजिनी नगर मार्केट में रविवार देर रात तीन दुकानों में आग लग गई, जिसके बाद दिल्ली फायर सर्विस ने तुरंत कार्रवाई की। फायर ऑफिसर मनोज कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना रात 9:27 बजे मिली, जिसके बाद पांच दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। कुमार ने कहा, "आग लगभग बुझ गई है और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।"

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि आग सुबह करीब साढ़े तीन बजे फर्श बाजार इलाके में लगी और धुआं पास की एक इमारत में फैल गया। उन्होंने बताया कि धुएं के कारण दम घुटने से छह लोगों की मौत हो गई, जिन्हें बचा लिया गया और अस्पताल ले जाया गया। आग में सनी (30) नामक एक व्यक्ति झुलस गया। पुलिस के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब पूरा परिवार ई-रिक्शा चार्ज करने वाले कमरे के बगल में सो रहा था। परिवार के सभी छह लोगों को आग के इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट लग रहा है।

### राहुल-सोनिया गांधी पर ईडी का बड़ा आरोप

## 142 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य के खिलाफ 142 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग का गंभीर आरोप लगाया है। ईडी के अनुसार, नवंबर 2023 में संपत्तियां कुर्क किए जाने तक आरोपी इस अवैध राशि का लाभ उठा रहे थे। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने तर्क दिया कि यह आय प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मनी लॉन्ड्रिंग की श्रेणी में आती है। एजेंसी ने यह भी दावा किया कि यंग इंडिया कंपनी, जिसमें राहुल और सोनिया गांधी का स्वामित्व है, ने कोई व्यावसायिक गतिविधि नहीं की। इसका उद्देश्य केवल गांधी परिवार को फायदा पहुंचाना था। ईडी ने जांच के दौरान 21 ठिकानों पर छापेमारी की, जिसमें 51 लाख रुपये नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। मामले में पहले ही चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है और कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# बिजली विभाग के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी गोवर्धन की लाइट

## 48 घंटे से ज्यादा समय से बिजली गुल

## रात भर लोगों का हुजूम बिजलीघर पर जमा रहा

**यूनिक समय, गोवर्धन।** गिर्राज महाराज की स्थली में 48 घंटे से बिजली नहीं आने से कस्बा वासियों में त्राहि–त्राहि मची हुई है।
लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं, गोवर्धन क्षेत्र की करीब 10 जगह की लाइट 48 घंटे से ज्यादा समय से गुल है। इसके बाद भी बिजली विभाग के कर्मचारियों के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही। प्राइवेट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे हैं। लोगों ने कहा कि इधर गर्मी से हाल बेहाल हो रहा है, ऊपर से बिजली के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल रहा है।


बिजलीघर पर खड़े लोग।


योग करते लोग।

# योग संगम के प्रचार में जुटा आयुष विभाग

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दस वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण विश्व में इस वर्ष ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को "योग संगम" के नाम से किया जा रहा है। जिसकी थीम– "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग" है। मुख्य आयोजन को सफल बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार एवं आयुष मिशन के दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आयुष विभाग के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी अधिकारी डॉ. गोपाल सिंह एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश विश्वकर्मा ने जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए विभागीय प्रचार प्रसार के विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ कर दिया गया है।

# सेना के सम्मान में कोसीकलां में निकाली तिरंगा यात्रा


कोसीकलां में निकाली तिरंगा यात्रा में शामिल लोग।

## वंदे मातरम से गूंजा शहर

**यूनिक समय, कोसीकलां।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद हर कोई भारतीय सेना के शौर्य और अदम्य साहस की सराहना कर रहा है। इसी साहस को प्रणाम और सेना को सम्मान देने के बुधवार को शहर के बाजार में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी और नगर पालिका अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने किया। तिरंगा यात्रा शहर के पुराना जीटी रोड, मंडल अध्यक्ष अजय गोयंका के कार्यालय से शुरू हुई जो पंजाबी बाजार, सब्जी मंडी, मेन बाजार होते हुए भरतमिलाप चौक पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में युवाओं के जोश और नारों ने वातावरण को पूरी तरह देश भक्ति के रंग में रंग दिया।
हर हाथ में तिरंगा और हर दिल में भारतीय सेना के लिए सम्मान दिखाई दिया। यात्रा में राजेश घी वाले, विनय उपाध्याय, नेमचंद गर्ग, ठाकुर भानू प्रताप, हरीओम गुप्ता, सतीश बाल्मीकि, सत्तो ठाकुर, सत्यवीर सांगवान, लवली सभासद, गोपाल शर्मा तथा राजू वकील आदि लोग मौजूद थे।

# दर्शन को जाते दो बाइक सवारों की सड़क दुर्घटना में मौत

## बुलट मोटरसाइकिल को किसी वाहन ने मारी टक्कर

## दोनों दोस्त सिकंदरा के रहने वाले हैं

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना फरह के रैपुरा जाट के फ्लाईओवर के नीचे बुलट सवार दो दोस्तों को किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल हुए युवको को पुलिस सीएसएसी पर लाई जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जनपद आगरा के सिंकदरा निवासी विशाल गुप्ता अपने दोस्त निर्भय के साथ आज सायं बुलट मोटरसाइकिल से वृंदावन में बिहारी जी के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। बताया गया कि थाना फरह के रैपुरा जाट के फ्लाईओवर के नीचे बुलट को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवक बुरी तरह से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए सीएससी फरह लाई। चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मरने वालों के परिवारीजनों को सूचना कर दी। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोरचरी भेज दिया।

# फूल बंगला का जाल लटकने से अफरा तफरी

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में फूल बंगला का जाल रस्सी के कटकर लटकने से अफरा तफरी मच गई। गौरतलब है कि मंदिर में ठाकुर जी को शीतलता प्रदान करने के लिए फूल बंगले सजाए जा रहे हैं। कल सायं को मंदिर में फूल बंगला सजाया गया था। शाम को अचानक फूल बंगले का जाल लटक गया। इससे श्रद्धालुओं में अफरा–तफरी मच गई। सुरक्षाकर्मियों और पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओं को मंदिर से बाहर निकालकर जाल को सही किया।

# पूर्व चेयरमैन से विवाद में व्यापारी नेता मनीष की बड़ी जीत

## पांच जून 2019 को दर्ज कराया था एससीएसटी एक्ट में मुकदमा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** व्यापारी नेता मनीष अग्रवाल एलआई को पूर्व चेयरमैन द्वारा दर्ज कराए गए एससीएसटी एक्ट के एक मामले में बड़ी जीत मिली है। न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में व्यापारी नेता को दोषमुक्त कर दिया। बताते चलें कि पांच मई 2019 को पूर्व चेयरमैन द्वारा भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर महामंत्री मनीष अग्रवाल एलआई पर एससीएसटी वर्ग के एक व्यक्ति से अपशब्द कहे जाने का आरोप लगाया था। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई न्यायालय में चल रही थी। विद्वान अधिवक्ता विजय कुमार गर्ग उनका पक्ष रख रहे थे। अधिवक्ता विजय कुमार गर्ग ने बताया कि सोमवार को इस मामले में सुनवाई के दौरान साक्ष्यों के अभाव में न्यायालय ने व्यापारी नेता को दोष मुक्त कर दिया। व्यापारी नेता ने कहा कि यह सत्य की जीत है।

## पेयजल, सीवर का संयोजन 23 को

**यूनिक समय, मथुरा।** जलकल विभाग एवं नगर निगम द्वारा 23 मई को सुबह 11 बजे से सतोहा असगरपुर शिवासा स्टेट कार्यालय में पेयजल एवं सीवर के संयोजन के लिए कैम्प का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम मथुरा– वृंदावन नगर निगम के महाप्रबंधक (जल) ने स्थानीय लोगों से कहा कि इच्छुक व्यक्ति पेयजल एवं सीवर संयोजन की अनुमति लेना चाहते है, वो आधार कार्ड की छाया प्रति, एक फोटो, रजिस्ट्री व हाउस टैक्स की रसीद, 100 का खाली स्टाम्प पेपर साथ लेकर आए।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को वांछित चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र चेतराम निवासी तूमौला थाना कोसीकलां को रेलवे फाटक दौताना के समीप गिरफ्तार किया। अभियुक्त से एक अद्दा तमंचा भी बरामद किया।

# श्री बाबू लाल महाविद्यालय में फ्री समर कैंप

**यूनिक समय, गोवर्धन।** श्री बाबू लाल महाविद्यालय में निःशुल्क समर कैंप का उद्घाटन संस्थान समूह के निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट तथा एनजीओ के अध्यक्ष अभय वशिष्ठ ने किया। समर कैंप में विद्यार्थियों को इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, कंप्यूटर कोर्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट मेहंदी ब्यूटीशियन, वेस्टर्न डांस सिखाया जाएगा। प्राचार्य डॉ. लीविस कुलश्रेष्ठ ने कहा कि समर कैंप छात्रों के ज्ञान के लिए लगाया गया है। कार्यक्रम में डॉ. उम्मेद सिंह, डॉ. योगेंद्र प्रसाद, डॉ राज कपूर वर्मा, डॉ लक्ष्मी नारायण शर्मा, डॉ. विमलेश सिकरवार,डॉ प्रतिभा सिंह, डॉ नवीन पाल सिंह, डॉ आशीष सिंह, डॉ भूपेंद्र सिंह तथा मोनू चौधरी आदि मौजूद थे। संचालन मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ धीरज कौशिक ने किया।

## आगरा कैनाल बाईपास मार्ग का डामरीकरण शुरू कार्य पूरा होने तक बंद रहेगा मार्ग

**यूनिक समय, कोसीकलां।** शहर को जाम से बचाने के लिए आगरा की पटरी पर बनाए जा रहे मार्ग का डामरीकरण शुरू हो गया है। यह कार्य करीब 10 दिनों में पूरा हो जाएगा। इस दौरान मार्ग पूर्णतः बंद रहेगा।


**Ratan Lal Phool Katori Devi Senior Secondary School**
**S.B.V.M., Goverdhan Road, Mathura.**
**Phone : 9319059177**
Email:rlpkd9029@rediffmail.com
A renowned Girls Senior Secondary School affliated to C.B.S.E
**REQUIRES**
Well Educated, Hardworking, Committed, Trained and Experienced Female Teachers for the following post:
1. PGT - Physics, English, Sanskrit, Geography.
2. TGT - Maths, Social Science.
3. PRT - English, Computer, Mother Teacher
4. Other - Tabla Sangatkar, Computer lab Assistant, Science Lab Assistant.
5.Trainers - Beautician, Typing, Coding, Mehandi, Cooking, Yoga, English Spoken, Resin Art, Stitching, Horticulture, Shooting, Swimming, Nursing, Trousseau Packing, Art & Craft.
Applicants must possess good teaching skill and should have command over English language
Qualification as per CBSE Norms. Apply on prescribed form (with the copy of testimonials) available in school in all working days during **9:00 A.M. to 3:00 PM.** Last date of form Submission is 26th June 2025
Note: Written test will be held on 28th June 2025 at 10:00 A.M.
Rajesh Kumar, Chairman | Banke Bihari Sharma, Manager | Dr. Neeta Singh, Principal


# गोवर्धन में बनेगा बिटिया पार्क 28 लाख रुपये की आएगी लागत

संवाददाता

**यूनिक समय, गोवर्धन।** कस्बा गोवर्धन में बिटिया पार्क का निर्माण होगा। करीब अठ्ठाइस लाख की लागत से बनने वाले बिटिया पार्क का शिलान्यास नगर पंचायत चेयरमैन ने मंत्रोच्चारों के बीच भूमि पूजन के साथ किया। गोवर्धन में ये पहला विकसित पार्क होगा। राधाकुंड रोड किनारे सरकारी भूमि पर नगर पंचायत चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा की उपस्थिति में प्रतिनिधि व वार्ड सभासद रेखा देवी ने विधि विधान से मंत्रोच्चारों के बीच भूमि पूजन कर बिटिया पार्क निर्माण का शिलान्यास किया। पंडित जगमोहन शर्मा ने भूमि पूजन कराया। चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने नारियल फोड़ा। इस दौरान नगर पंचायत सभासद प्रतिनिधि चंद्रभान चौधरी, लिपिक मोहन श्याम अग्रवाल, भरत सिंह, तरुण शुक्ला, बलराम शर्मा पूर्व प्रधान, सुरेश पांडे आदि उपस्थित थे।


गोवर्धन के राधाकुंड रोड पर बनने वाले बिटिया पार्क का पूजन कर शिलान्यास करते चेयरमैन प्रतिनिधि, वार्ड सभासद।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:– यूनिक बिल्डिंग, 289–290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक–पवन गौतम। फोन नंबर–0565–2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053